AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!

यह पुस्तक भारत की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अत्यंत उपयोगी है

# हिन्दी भाषा का PAPER LEAK*

## 6700+

## ऐसे प्रश्नों का संग्रह जो पेपर सैटर्स कभी नहीं चाहते कि आपको मालूम हो

हमारा विश्वास है कि इस प्रश्नों के संग्रह का अध्ययन करने से आप किसी भी परीक्षा में इस विषय के 80% - 90% प्रश्न आसानी से हल कर सकेंगे


| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB428 | ₹ 319 | 424 |

# विभिन्न राज्यों की वार्षिक परीक्षाओं का वर्षवार विश्लेषण चार्ट

हिन्दी भाषा (पेपर लीक) की इस पुस्तक में विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोगों की प्रारम्भिक परीक्षाओं, विभिन्न राज्यों तथा संस्थाओं द्वारा आयोजित TET/TGT/PGT तथा विभिन्न राज्यों की अलग–अलग पदों के लिए संपन्न की गई परीक्षाओं के लगभग 100 से भी अधिक प्रश्न पत्रों के 20,000 से भी अधिक प्रश्नों में से आगामी परीक्षाओं की दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रश्नों का समावेश किया गया है । इन सभी प्रश्नों को इस पुस्तक में अध्यायवार विभाजित करके प्रस्तुत किया गया है, ताकि अभ्यर्थियों को ये सभी प्रश्न एक ही स्थान पर अध्याय के क्रम में प्राप्त हो सकें और अभ्यर्थियों को इनके अध्ययन में सुविधा हो । इस पुस्तक में सभी प्रश्नों का व्याख्यात्मक हल दिया गया है और इनको लिखते समय पूर्ण रूप से सावधानी बरती गई है । इस पुस्तक को बनाते समय यह उद्देश्य रखा गया था कि अभ्यर्थी इस पुस्तक का अध्ययन करके आगामी परीक्षाओं हेतु दिशा– निर्धारण कर सकेंगे और सफलता की ओर अग्रसर हो सकेंगे । इस पुस्तक में दिए गए प्रश्नों का संकलन निम्न परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों से किया गया है–

| केन्द्रीय परीक्षाएँ | |
|---|---|
| केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा | 2001-2019 |
| KVS | 2008-2012 |
| RRB परीक्षा | 2002-2008 |
| नवोदय विद्यालय प्रवक्ता परीक्षा | 2002-2008 |
| बैंक अधिकारी परीक्षा | 2008-2012 |
| SSC FCT सहायक ग्रेड-II (हिन्दी) टाइपिस्ट परीक्षा | 2010-2018 |
| IBPS स्पेशलिस्ट ऑफीसर राजभाषा अधिकारी | 2002-2015 |
| CWE ग्राम पंचायत परीक्षा | |
| LIC परीक्षा | 1987-2000 |
| **उत्तर प्रदेश** | |
| TGT परीक्षा | 2000-2015 |
| PGT परीक्षा | 2000-2015 |
| बी.एड. प्रवेश परीक्षा | 2007-2010 |
| राज्य पुलिस परीक्षा | 2001-2008 |
| शिक्षक भर्ती परीक्षा | 2008-2014 |
| UPPSSC VDO परीक्षा | 2004-2013 |
| UPPSC प्रा. परीक्षा | 2008-2012 |
| लोक सेवा आयोग परीक्षा | 2007-2014 |
| कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा | 2001-2015 |
| अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा | 2010-2015 |
| UP B.Ed. परीक्षा | 2000-2010 |
| डाइट प्रवक्ता परीक्षा | 2001-2009 |
| रेलवे भर्ती परीक्षा | 2002-2010 |

| | |
|---|---|
| UPSSSC राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) परीक्षा | 2002-2013 |
| अनुवादक परीक्षा | 2000-2014 |
| असिस्टेंट ग्रेड परीक्षा | 2001-2012 |
| पुलिस उप-निरीक्षक परीक्षा | 1999-2008 |
| UPSSSC सहायक/स्टेनोग्राफर परीक्षा | 2006-2012 |
| अवर सेवा चयन परीक्षा | 2000-2018 |
| UPSSSC समीक्षा अधिकारी परीक्षा | 2001-2016 |
| उ.प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा | 2000-2019 |
| GIC प्रवक्ता परीक्षा | 2000-2012 |
| उ.प्र. लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारंभिक परीक्षा | 2000-2010 |
| UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जू. असिस्टेंट) बैकलॉग भर्ती परीक्षा | 2018 |
| UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वन रक्षक परीक्षा | 2018 |
| UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद् (संयुक्त संवर्ग) परीक्षा | 2018 |
| UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा | 2018 |
| UPSSSC विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा | 2008-2018 |
| UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा | 2000-2016 |
| UPSSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा | 2010-2015 |
| UPSSSC लोअर II भर्ती परीक्षा | 2008-2016 |
| UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा | 2008-2018 |
| UPSSSC लोअर I भर्ती परीक्षा | 2010-2016 |
| UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा | 2008-2014 |

| | |
|---|---|
| UPSSSC स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा | 2008-2016 |
| आश्रम पद्धति (प्रवक्ता) परीक्षा | 2004-2015 |
| प्रारम्भिक शिक्षक भर्ती परीक्षा | 2010-2016 |
| लेखाकार परीक्षा | 2010-2015 |
| UPSSSC गन्ना पर्यवेक्षक परीक्षा | 2015-2018 |
| UPSSSC परिचालक (कंडक्टर) भर्ती परीक्षा | 2018 |
| UPSSSC परीक्षा | 2018 |
| आर्यावर्त ग्रामीण बैंक अधिकारी परीक्षा | 2004-2014 |
| BBSPU जौनपुर बी.एड. परीक्षा | 2010-2020 |
| अध्यापक भर्ती परीक्षा | 2001-2014 |
| चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय बी.एड. प्रवेश परीक्षा | 2001-2010 |
| सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा विशेष परीक्षा | 2000-2015 |
| **हरियाणा** | |
| HTET परीक्षा | 2013-2018 |
| HSSC क्लर्क परीक्षा | 2010-2018 |
| हरियाणा पुलिस कांस्टेबल परीक्षा | 2010-2016 |
| हरियाणा सीनियर स्केल स्टेनो परीक्षा | 2010-2012 |
| HSSC Group D परीक्षा | 2018 |
| HSSC मंडी सुपरवाजर परीक्षा | 2008-2018 |

| | |
|---|---|
| **राजस्थान** | |
| राजस्थान प्री. बी.एड. परीक्षा | 2008-2015 |
| राजस्थान TET II पेपर परीक्षा | 2010-2014 |
| **मध्य प्रदेश** | |
| MPTET परीक्षा | 2012-2018 |
| MP पुलिस SI परीक्षा | 2000-2008 |
| MP SI परीक्षा | 2005-2018 |
| म.प्र. राज्य सेवा आयोग (प्रार.) परीक्षा | 2008-2014 |
| RRB भोपाल टी.सी. परीक्षा | 2001-2010 |
| **बिहार** | |
| बिहार SSC स्नातक स्तर मुख्य परीक्षा | 2000-2014 |
| बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा | 2000-2009 |
| CSBC बिहार कक्षपाल परीक्षा | 2018 |
| BSSC अमीन परीक्षा | 2008 |
| BPSC प्रथम RO परीक्षा | 2016 |
| CSBC बिहार कक्षपाल कांस्टेबल भर्ती परीक्षा | 2008-2015 |
| **दिल्ली** | |
| दिल्ली केन्द्रीय विद्यालय PGT परीक्षा | 2010-2016 |
| DSSSB DASS ग्रेड II Tier I परीक्षा | 2014-2019 |

# विषय-सूची


| अध्याय | | पृष्ठ संख्या |
| --- | --- | --- |
| 1. | हिन्दी भाषा का विकास | 1-16 |
| 2. | वर्ण विचार | 17-42 |
| 3. | सन्धि | 43-61 |
| 4. | शब्द विचार | 62-80 |
| 5. | हिन्दी व्याकरण | 81-106 |
| 6. | लिंग, वचन, कारक एवं काल | 107-121 |
| 7. | पर्यायवाची शब्द | 122-146 |
| 8. | विलोम शब्द | 147-167 |
| 9. | श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द | 168-175 |
| 10. | एकार्थी शब्द | 176-177 |
| 11. | अनेकार्थी शब्द | 178-182 |
| 12. | उपसर्ग एवं प्रत्यय | 183-196 |
| 13. | समास | 197-217 |
| 14. | वाक्य : अंग, भेद, रचना, पदबंध एवं विरामचिह्न | 218-237 |
| 15. | वाक्यगत अशुद्धियाँ | 238-265 |
| 16. | वाक्यांश के लिए एक शब्द | 266-286 |
| 17. | वाच्य | 287-290 |
| 18. | रिक्त स्थानों की पूर्ति | 291-310 |
| 19. | मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ | 311-337 |
| 20. | रस निष्पत्ति, साधारणीकरण एवं ध्वनि सिद्धान्त | 338-349 |
| 21. | छन्द | 350-363 |
| 22. | अलंकार | 364-374 |
| 23. | अपठित गद्यांश | 375-411 |
| 24. | अपठित पद्यांश | 412-420 |

# अध्याय 1

# हिन्दी भाषा का विकास

***1.** 'पृथ्वीराज रासो' किस काल की रचना है ?
(A) आदिकाल (B) रीतिकाल
(C) भक्तिकाल (D) आधुनिक काल
**[KUS प्रवक्ता परीक्षा, 2014]**

**1.** (A) आदिकाल—'पृथ्वीराज रासो' की रचना 'चन्द्रबरदाई' ने की थी। हिंदी साहित्य के इतिहास में लगभग 8वीं शताब्दी से लेकर 14वीं शताब्दी के मध्य तक के काल को 'आदिकाल' कहा जाता है। इस युग को यह नाम डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी जी से मिला है। आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने 'वीरगाथा' तथा विश्वनाथ प्रसाद मिश्र नें इसे 'वीरकाल' नाम दिया है।
इस समय का साहित्य मुख्यतः चार रूपों में मिलता है—
1. सिद्ध साहित्य तथा नाथ साहित्य
2. जैन साहित्य
3. चारणी—साहित्य
4. प्रकीर्णक साहित्य
आदिकाल के प्रमुख कवि और उनकी रचनाएँ— अब्दुर्रहमानः संदेश रासकनरपति नान्हः बीसल देव रासो (अपभ्रंश हिन्दी) चंदबरदाई : पृथ्वीराज रासो (डिंगल–पिंगल हिन्दी) दलपतिविजयः खुमानरासो (राजस्थानी हिंदी) जगनिकः परमालरासो हैं।

***2.** 'आल्हा' के रचयिता का नाम है—
(A) श्रीधर (B) केदारनाथ
(C) चन्दबरदाई (D) जगनिक
**[TGT परीक्षा, 2008]**

**2.** (D) जगनिक—
परमाल रासो आदिकालीन हिंदी साहित्य का प्रसिद्ध वीरगाथात्मक रासो काव्य है। वर्तमान समय में इसका केवल आल्हा खण्ड उपलब्ध है जो वीरगाथात्मक लोकगाथा के रूप में उत्तर भारत में बेहद लोकप्रिय रहा है। इसके रचचिता जगनिक हैं। वे कालिंजर तथा महोबा के शासक परमाल (परमर्दिदेव) के दरबारी कवि थे। आल्हा खण्ड में महोबा के दो प्रसिद्ध वीरों आल्हा और ऊदल के वीर चरित का विस्तृत वर्णन किया गया है।

**3.** हिन्दी की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है ?
(A) प्राकृत (B) संस्कृत
(C) शौरसैनी अपभ्रंश (D) मागधी
**[रेलवे भर्ती परीक्षा, 1997]**

**3.** (B) संस्कृत—हिंदी का जन्म देवभाषा 'संस्कृत' से हुआ है तथा हिंदी 'शब्द' की उत्पत्ति संस्कृत के 'सिन्ध' शब्द से हुई मानी जाती है। संस्कृत की 'स' ध्वनि फारसी में 'ह' बोली जाती है; जैसे सप्ताह को हप्ताह आदि। सिंधु न कहकर हिन्दू कहने लगे। इसी तरह सिंधी से हिंदी, सिंध से हिंद और हिन्दुस्तानी आदि शब्द आते गए। हिंदी शब्द का अर्थ है—'हिंद का'। आगे चलकर यह शब्द 'हिंदी' की भाषा' के अर्थ में प्रयुक्त होने लगा।

**4.** राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष थे—
(A) बी. जी. खरे
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) प्रतापनारायण मिश्र
(D) इंशाअल्ला खाँ **[TGT परीक्षा, 2013]**

**4.** (A) राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष बाल गंगाधर खरे थे। संविधान के अनुच्छेद 344 में राष्ट्रपति को राजभाषा आयोग को गठित करने का अधिकार दिया गया है। इसलिए राष्ट्रपति ने 1955 में राजभाषा आयोग का गठन किया था। बी.जी. खरे को उस समय राजभाषा आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस आयोग ने 1956 में अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी थी।

**5.** निम्नलिखित बोलियों में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश में सामान्यतः नहीं बोली जाती ?
(A) मैथिली (B) अवधी
(C) ब्रज (D) खड़ी बोली
**[बी. एड. प्रवेश परीक्षा, 2005]**

**5.** (A) मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित यह बोली हिंदी और बांग्ला क्षेत्र की सन्धि पर मिथिला में बोली जाती है, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया तथा मुंगेर आदि में इसका क्षेत्र है। लोक–साहित्य की दृष्टि से मैथिली बहुत सम्पन्न है, साथ ही इसमें साहित्य रचना अत्यन्त प्राचीन काल से होती चली आई है। हिंदी साहित्य को विद्यापति जैसे रससिद्ध कवि देने का श्रेय मैथिली को ही है। इसके अतिरिक्त गोविन्ददास, रणजीतलाल, हरिमोहन झा आदि भी इनके अच्छे साहित्यकार हैं।

**6.** कौन हिन्दी की उपभाषा नहीं है ?
(A) पूर्वी हिन्दी (B) राजस्थानी
(C) मराठी (D) पश्चिमी हिन्दी

**6.** (C) मराठी भाषा पश्चिमी और मध्य भारत में बोली जाने वाली भारतीय आर्यभाषा है। इसका क्षेत्र मुंबई के उत्तर से गोवा के पश्चिमी तट और पूर्व में दक्कन तक फैला हुआ है। भाषाई स्तर पर यह एक आर्य भाषा है जिसका विकास संस्कृत से अपभ्रंश तक का सफर पूरा होने के बाद आरम्भ हुआ। मराठी भारत की प्रमुख भाषाओं में से एक है।

***7.** हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?
(A) सौराष्ट्री (B) देवनागरी
(C) गुरुमुखी (D) ब्राह्मी

**7.** (B) देवनागरी लिपि एक ऐसी लिपि है जिसमें अनेक भारतीय भाषाएँ तथा कुछ विदेशी भाषाएँ लिखी जाती हैं। संस्कृत, पालि, हिंदी, मराठी, कोंकणी, भोजपुरी, मैथिली, संथाली आदि भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं, इसे नागरी लिपि भी कहा जाता है।

**8.** भारत की प्रथम देशज भाषा कौन–सी है ?
(A) पालि (B) प्राकृत
(C) संस्कृत (D) इसमें से कोई नहीं

**8.** (C) संस्कृत भाषा को हिंदी की जननी माना जाता है। संस्कृत भाषा के दो रूप हैं—
I. वैदिक संस्कृत II. लौकिक संस्कृत
वैदिक संस्कृत तथा लौकिक संस्कृत प्राचीन भारतीय आर्य भाषाएँ हैं।
**1. वैदिक संस्कृत**—वैदिक संस्कृत के लिए यास्क तथा पाणिनी ने छान्दस् नाम भी प्रयुक्त किया है। इसके प्रयोग का समय 1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. माना गया है।
**2. लौकिक संस्कृत**—लौकिक संस्कृत के प्रयोग का समय 1000 ई. पू. माना गया है। वैदिक भाषा के साथ–साथ ही बोलचाल की भाषा संस्कृत थी जिसे लौकिक संस्कृत भी कहा जाता है।

*9. 'हंस' पत्रिका के संस्थापक संपादक थे ?
(A) प्रेमचन्द (B) निराला
(C) धर्मवीर भारती (D) अज्ञेय
**[शिक्षक भर्ती परीक्षा, 1999]**

**9.** (A) प्रेमचंद–(31 जुलाई 1880–8 अक्टूबर 1936)
प्रेमचंद हिंदी और उर्दू के महानतम कवियों में से एक थे। मूल नाम धनपत राय श्रीवास्तव प्रेमचंद को नवाबराय और मुंशी प्रेमचंद के नाम से भी जाना जाता है। शरतचंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें उपान्यास सम्राट कहकर सम्बोधित किया है। प्रेमचंद ने यर्थाथवादी परम्परा की नींव रखी। वे एक संवेदनशील लेखक, सचेत नागरिक, कुशलवक्ता तथा सुधी संपादक थे। उनके पुत्र हिंदी के प्रसिद्ध साहित्यकार अमृतराय है जिन्होंने इन्हें 'कलम का सिपाही' नाम दिया है इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं—गोदान, कर्मभूमि, रंगभूमि, सेवासदन उपान्यास।

*10. भारतेन्दु ने किस पत्रिका का संपादन किया ?
(A) हिन्दी प्रदीप (B) इन्दु
(C) कविवचन सुधा (D) भारतबन्धु

**10.** (C) भारतेन्दु बाबू हरिश्चंद्र ने एक पत्रिका 'कविवचन सुधा' का संपादन 5 अगस्त, 1867 (संवत 1924 आश्विन शुक्ल 15) में आरम्भ किया था। काशी में प्रकाशित यह पत्रिका आरम्भ में मासिक थी बाद में पाक्षिक रूप में प्रकाशित होने लगी। 1875 में यह पत्रिका साप्ताहिक पत्रिका के रूप में प्रकाशित होने लगी। इसकी केवल 250 प्रतियाँ मुद्रित होती थीं। प्रत्येक अंक में 22 पृष्ठ होते थे।

**11.** भारत में आर्यभाषा का आरम्भ कब हुआ?
(A) 1600 ई. पूर्व (B) 1500 ई. पूर्व
(C) 1400 ई. पूर्व (D) 1300 ई. पूर्व
**[लोक सेवा आयोग, 2008]**

**11.** (B)

**12.** पूर्वी हिन्दी विकसित हुई है—
(A) पैशाची अपभ्रंश (B) अर्द्धमागधी अपभ्रंश
(C) शौरसेनी अपभ्रंश (D) मागधी अपभ्रंश

**12.** (B) मध्य भारतीय आर्य परिवार की भाषा अर्द्धमागधी अपभ्रंश संस्कृत और आधुनिक भारतीय भाषाओं के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह प्राचीनकाल में मगध की साहित्यिक एवं बोलचाल की भाषा थी। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने इसी भाषा में अपने धर्मोपदेश दिए थे। आगे चलकर महावीर के शिष्यों ने भी महावीर के उपदेशों का संग्रह अर्द्धमागधी में किया जो 'आगम' नाम से प्रसिद्ध हुए।

*13. मानक हिन्दी का आधार क्या है ?
(A) खड़ी बोली (B) अपभ्रंश
(C) पूर्वी हिन्दी (D) परिनिष्ठ हिन्दी
**[राज्य पुलिस परीक्षा, 2007]**

**13.** (A) 'खड़ी बोली' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में होता है : एक तो साहित्यिक हिंदी खड़ी बोली के अर्थ में और दूसरे दिल्ली–मेरठ के आसपास की लोक बोली के अर्थ में। इसी अर्थ में 'कौरवी' का भी कुछ लोग प्रयोग करते हैं। खड़ी बोली या कौरवी का उद्‌भव शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है तथा इसका क्षेत्र देहरादून का मैदानी भाग सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली का कुछ भाग, बिजनौर, रामपुर तथा मुरादाबाद है।

*14. निम्नलिखित में से कौन–सी बोली राजस्थानी हिन्दी के अन्तर्गत आती है ?
(A) मगही (B) कन्नौजी
(C) मेवाती (D) बघेली

**14.** (C) उत्तरी राजस्थान में इसका क्षेत्र अलवर, गुड़गाँव, भरतपुर है। मेओ जाति के इलाके मेवात के नाम पर इसे मेवाती भी कहते हैं। इसकी एक मिश्रित बोली अहीरवाटी है— जो गुड़गाँव, दिल्ली तथा करनाल के पश्चिमी क्षेत्रों में बोली जाती है। मेवाती में केवल लोक साहित्य है।

**15.** दसवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन भारत के किस शहर में आयोजित किया गया था ?
(A) नागपुर (B) नई दिल्ली
(C) जयपुर (D) भोपाल
**[UPPSC प्रारम्भिक परीक्षा, 2015]**

**15.** (D) भोपाल भारत का एक प्रसिद्ध शहर और मध्य प्रदेश राज्य की राजधानी भी है। झीलों के शहर के रूप में प्रसिद्ध भोपाल पूर्व समय भोपाल रियासत की राजधानी भी हुआ करती थी। भोपाल की स्थापना 11 वीं शताब्दी में परमार राजा भोज ने की थी, उस समय इसे भोजाबल नाम दिया गया था। इसे नवाबों के शहर के नाम से भी जाना जाता है।

*16. हिन्दी के अतिरिक्त कौन–सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है ?
(A) नेपाली (B) सिंधी
(C) बांग्ला (D) पंजाबी

**16.** (A) नेपाली–नेपाल की राष्ट्रभाषा है। यह भाषा नेपाल की लगभग 50 प्रतिशत लोगों की मातृभाषा भी है। यह भाषा नेपाल के अतिरिक्त (सिक्किम, पश्चिम बंगाल, उत्तरपूर्वी राज्यों आसाम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय तथा उत्तराखंड के अनकेक लोगों की मातृभाषा है। भूटान तिब्बत और म्यांमार के भी अनेक लोग यह भाषा बोलते हैं।

**17.** पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत कौन–सी बोली आती है ?
(A) कन्नौजी (B) मेवाती
(C) बघेली (D) मगही
**[UPPSC VDO परीक्षा]**

**17.** (A) कन्नौज (संस्कृत कान्यकुब्ज) इस बोली का केन्द्र है, अतः इसका नाम कन्नौजी पड़ा है। यह इटावा, फर्रुखाबाद, शाहजहाँपुर, कानपुर, हरदोई, पीलीभीत आदि में बोली जाती है। कन्नौजी भी शौरसेनी अपभ्रंश से ही निकली है। यह ब्रजभाषा से इतनी अधिक समान है कि कुछ लोग इसे ब्रजभाषा की ही एक उपबोली मानते हैं। कन्नौजी में केवल लोक–साहित्य मिलता है जिनमें से कुछ अंश प्रकाशित भी हो चुका है।

*18. 'सितारे हिन्द' किस लेखक का उपमान था—
(A) राजेन्द्र प्रसाद
(B) राजा शिव प्रसाद
(C) बाल मुकुन्द गुप्त
(D) लक्ष्मण सिंह

**18.** (B) राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द हिंदी और उर्दू को अभिन्न मानते थे, उन्होंने फारसी–अरबी के शब्दों का समावेश करते हुए उर्दू मिश्रित हिंदी लिखी थी। उन्होंने इसी दृष्टि को लेकर हिंदी–व्याकरण की रचना की, जो सन् 1875 में प्रकाशित हुआ। हिन्दी व्याकरण लेखकों में राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द का स्थान विशेष महत्त्व रखता है, क्योंकि उन्होंने हिंदी–उर्दू को एक ही व्याकरण में स्थान उस समय दिया था जिस समय उक्त दोनों भाषाओं का पारस्परिक विरोध सांप्रदायिक रूप ग्रहण कर चुका था।

**19.** हिन्दी के सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार–पत्र का नाम है—
(A) सम्मेलन पत्रिका
(B) सरस्वती
(C) उदन्त मार्तण्ड
(D) नागरी प्रचारिणी पत्रिका
**[HTET परीक्षा, 2012]**

**19.** (C) 30 मई, 1826 ई. को पंडित युगल किशोर शुक्ल ने कलकत्ता से प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन आरंभ किया था।
'उदन्त मार्तण्ड' नाम उस समय की सामाजिक परिस्थितियों का संकेतक था, जिसका अर्थ है– 'समाचार सूर्य/भारत में पत्रकारिता की शुरुआत पं. युगल किशोर शुक्ल ने की थी।


(*) तारांकित प्रश्न पेपर सेटर की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

**20.** 'सरस्वती' पत्रिका का सम्पादन किसने किया ?
(A) श्यामसुन्दर दास
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) रामचन्द्र शुक्ल
(D) प्रताप नारायण मिश्र

**20.** (B) महावीर प्रसाद द्विवेदी (1864–1938) का जन्म जिला रायबरेली के दौलतपुर नामक ग्राम में हुआ था। गाँव की पाठशाला में प्रारंभिक शिक्षा पाने के पश्चात् ये अंग्रेजी पढ़ने के लिए रायबरेली के स्कूल में भर्ती हुए, बाद में वहाँ से अपने पिता के पास बंबई चले गए। बंबई में इन्होंने संस्कृत, गुजराती, मराठी और अंग्रेजी का अच्छा ज्ञान प्राप्त किया। सन् 1903 में ये 'सरस्वती' के संपादक बने और 1920 तक बड़े परिश्रम और लगन से यह कार्य करते रहे। ये कवि, आलोचक, निबंधकार, अनुवादक तथा संपादकाचार्य थे। काव्य मंजूषा, कान्यकुब्ज–अबला–विलाप, गंगालहरी, ऋतु तरंगिणी, कुमारसंभव आदि उल्लेखनीय रचनाएँ हैं।

***21.** डॉ. रूपचन्द पारिख के अनुसार हिन्दी साहित्य के इतिहास के सर्वप्रथम लेखक का नाम है—
(A) जॉर्ज ग्रियर्सन
(B) शिवसिंह सेंगर
(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(D) गार्सा दा तासी

**[MPTET परीक्षा, 2008]**

**21.** (D) हिंदी साहित्य में इतिहास–लेखन का सबसे पहला प्रयास एक फ्रेंच विद्वान गार्सा द तासी को ही समझा जाता है। जिन्होंने फ्रेंच भाषाएँ–'इस्त्वार द ला लितरेत्युर ऐन्दुई ऐन्दुस्तानी' ग्रन्थ लिखा जिसमें हिंदी और उर्दू के अनेक कवियों का विवरण क्रमानुसार किया गया है।

**22.** हिन्दी के प्रथम गद्यकार हैं—
(A) राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द
(B) लल्लूलाल
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(D) बालकृष्ण भट्ट

**22.** (B) लल्लूलाल–(जन्म 1976 ई., आगरा उत्तर प्रदेश, मृत्यु 1835 कलकत्ता पश्चिमी बंगाल) हिंदी गद्य के निर्माताओं में से एक और 'प्रेमसागर' के रचनाकार के रूप में प्रसिद्ध थे। इन्हें 'लालचंद', लल्लू जी या 'लाल कवि' के नाम से भी जाना जाता था। एक साहित्यकार के रूप में लल्लूलाल जी किस पायदान पर थे, इसका मूल्यांकन करना तो आलोचकों का काम है, लेकिन सब यह मानते हैं कि हिंदी के विकास में उनका बहुत योगदान है।

***23.** चारण काव्य की भाषा है—
(A) डिंगल (B) प्राकृत
(C) अवहट्ट (D) ब्रजभाषा

**23.** (A) राजस्थान के चारण कवियों ने अपने गीतों के लिए जिस साहित्यिक शैली का प्रयोग किया गया है, इसे 'डिंगल' कहा जाता है। वैसे चारण कवियों के अतिरिक्त 'प्रिथीराज' जैसे अन्य कवियो ने भी डिंगल शैली में रचना की है। 'डिंगल' के प्रमुख कवियों में बादर, प्रिथीराज, ईसरदास जी, दुरसा जी आढ़ा, करणीदान कविया आदि हैं।

***24.** विद्यापति की 'पदावली' की भाषा क्या है ?
(A) मैथिली (B) ब्रजभाषा
(C) भोजपुरी (D) मगही

**24.** (A) मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित यह बोली हिंदी और बांग्ला क्षेत्र की सन्धि पर मिथिला में बोली जाती है। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया तथा मुंगेर आदि में इसका क्षेत्र है। हिंदी साहित्य को विद्यापति जैसे प्रसिद्ध कवि देने का श्रेय मैथिली को ही है। इसके–अतिरिक्त गोविंददास, रणजीतलाल, हरिमोहन झा आदि भी इनके अच्छे साहित्यकार हैं।

**25.** 'संदेश रासक' के रचनाकार हैं—
(A) अमीर खुसरो (B) अब्दुर्रहमान
(C) बिहारी (D) रहीम

**25.** (B) संदेश वाहक, अपभ्रंश में रचित एक काव्य है जिसकी रचना 2000–1100 ई. के आस–पास मुल्तान के कवि अब्दुर्रहमान ने की थी। यह ग्रंथ उस अपभ्रंश में है जिससे लहन्दा, पंजाबी और सिंधी आदि पश्चिमी भाषाएँ जन्मी हैं।

***26.** 'मृगावती' के रचनाकार हैं—
(A) उसमान (B) विद्यापति
(C) मंझन (D) कुतुबन

**26.** (D) कुतुबन हिंदी के प्रसिद्ध सूफी कवि थे, जिन्होंने मौलाना दाऊद के 'चंदायन' की परम्परा में सन् 1503 ई. में मृगावती नामक प्रेमाख्यानक काव्य की रचना की। मृगावती किसी पूर्व कथा के आधार पर लिखा गया है। इसमें दोहा, चौपाई, सोरठा, अरिल्ल आदि छंदों का प्रयोग किया गया है। काशी में (वर्तमान बनारस) में हरतीरथ मुहल्ले की चौमुहानी से पूरब की ओर लगभग एक फर्लांग की दूरी पर 'कुतुबन शहीद' नामक एक मुहल्ला है। वहीं एक मजार है जो कुतुबन की मजार के नाम से प्रसिद्ध है।

**27.** 'रानी केतकी की कहानी' के रचनाकार हैं—
(A) वृन्दावन लाल वर्मा
(B) किशोरी लाल गोस्वामी
(C) लल्लू लाल
(D) इंशा अल्ला खाँ

**27.** (D) इंशा अल्ला खाँ 'इंशा' (1756–1817) हिंदी साहित्यकार और उर्दू कवि थे। वे लखनऊ तथा दिल्ली के दरबारों में कविता करते थे। उन्होंने दरया–ए–लतफत नाम से उर्दू का प्रथम व्याकरण की रचना की थी। हिंदी में उन्होंने रानी केतकी की कहानी' नामक कथाग्रन्थ की रचना की। यह उर्दू लिपि में लिखी गई थी। बाबू श्यामसुंदर दास इसे हिंदी की पहली कहानी मानते हैं।

***28.** नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना का वर्ष है—
(A) 1893 ई. (B) 1902 ई.
(C) 1857 ई. (D) 1917 ई.

**28.** (A) इसकी स्थापना 16 जुलाई, 1893 ई॰ को श्यामसुंदर दास जी द्वारा हुई थी। इस समय अंग्रेजी, उर्दू और फारसी का बोलबाला था।

**29.** संविधान सभा में हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने का प्रस्ताव किसने रखा ?
(A) पं. जवाहरलाल नेहरू
(B) भीमराव अम्बेडकर
(C) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(D) गोपाल स्वामी आयंगर

**29.** (D) गोपाल स्वामी आयंगर (जन्म 1882 मृत्यु 1953)–हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित करने के हिंदी भाषी प्रस्तावक के रूप में गोपाल स्वामी आयंगर का मुख्य योगदान था– ये राज्य सभा के नेता और भारत सरकार में मंत्री रहे थे। ये सिविल सेवा के लिए चुने गए थे तथा 30 वर्षों तक इसके अंतर्गत विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे। गोपाल स्वामी आयंगर भारतीय संविधान सभा के भी सदस्य रहे थे।

***30.** 'खड़ी बोली' का मूल नाम है—
(A) मगही (B) हिन्दुस्तानी
(C) बघेली (D) कौरवी

**30.** (D) 'खड़ी बोली' शब्द का प्रयोग दो अर्थों में होता है : एक तो साहित्यिक हिंदी खड़ी बोली के अर्थ में और दूसरे दिल्ली–मेरठ के आसपास की लोक बोली के अर्थ में। इसी अर्थ में 'कौरवी' का भी कुछ लोग प्रयोग करते हैं। खड़ी बोली या कौरवी का उद्‌भव शौरसेनी अपभ्रंश के उत्तरी रूप से हुआ है तथा इसका क्षेत्र देहरादून का मैदानी भाग सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली का कुछ भाग, बिजनौर, रामपुर तथा मुरादाबाद है।

***31.** अपभ्रंश और पुरानी हिन्दी के मध्य का समय कहा जाता है—
(A) उत्कर्ष काल
(B) अवसान काल
(C) संक्रान्ति काल
(D) प्राकृत काल

**31.** (C) संक्रान्ति काल—
1. एक राशि का दूसरी राशि में गमन
2. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करने का समय।
विशेष—प्रायः सूर्य एक राशि में 30 दिन तक रहता है और जब एक राशि से निकलकर वह दूसरी राशि में जाता है तब उसे संक्रांति कहते हैं। वास्तव में संक्रांति काल वही होता है जब सूर्य दो राशियों को ठीक सीमा पर या बीच में होता है यह संक्रांति काल बहुत थोड़ा होता है।

***32.** 'ब्रजबुलि' नाम से किस भाषा को जाना जाता है ?
(A) पंजाबी (B) मराठी
(C) गुजराती (D) पुरानी बांग्ला

**32.** (D) 'ब्रजबुलि साहित्य' की लंबी परम्परा रही है, फिर भी ''ब्रजबुलि'' शब्द का प्रयोग ई. सन् की 29 वीं शताब्दी में मिलता है। इस शब्द का प्रयोग अभी तक बंगाली कवि ईश्वर चंद्रगुप्त की रचना में मिला है।

**33.** सिद्धों की कुल संख्या कितनी है ?
(A) 84 (B) 86
(C) 82 (D) 88

**33.** (A)

**34.** 'खुमाण रासो' के रचयिता हैं—
(A) सरहपा (B) दलपति विजय
(C) जगनिक (D) चन्दबरदाई
**[UP B.Ed. परीक्षा, 2018]**

**34.** (B) दलपति विजय भारतीय कवि था, जिसे 'खुमाण रासो' का रचयिता माना गया है।

**35.** 'नाथ पंथ' के प्रवर्तक माने जाते हैं—
(A) जलंधर नाथ (B) मछंदर नाथ
(C) गोरखनाथ (D) गैनीनाथ

**35.** (B) नाथ संप्रदाय भारत का एक धार्मिक पंथ है। इसके आराध्य शिव हैं, प्रायः इन्हें शिव के वंशज भी कहा जाता है। यह हठयोग की साधना पद्धति पर आधारित पंथ है। इसके संस्थापक गुरु मछंदर नाथ/मत्स्येंद्र नाथ हैं।

**36.** 'नाथों' की कुल संख्या है—
(A) 10 (B) 8
(C) 9 (D) 7

**36.** (C)

**37.** 'आर्य समाज' के संस्थापक थे—
(A) एनी बेसेंट
(B) विवेकानन्द
(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(D) राजा राममोहन राय

**37.** (C) स्वामी दयानंद सरस्वती (1824–1883) आधुनिक भारत के महान चिंतक, समाज सुधारक व देशभक्त थे। उनके बचपन का नाम मूलशंकर था। वे महान ईश्वर भक्त थे। उन्होंने आर्य समाज की स्थापना की। वेदों की ओर लौटो, उनका प्रमुख नारा था।

***38.** अष्टछाप की स्थापना किस वर्ष की गई ?
(A) 1556 ई. (B) 1586 ई.
(C) 1566 ई. (D) 1565 ई.

**38.** (D)

**39.** 'नासिकेतोपाख्यान' के रचनाकार हैं—
(A) सदल मिश्र (B) लल्लू लाल
(C) सदासुख लाल (D) पं. दौलतराम
**[PGT परीक्षा, 2012]**

**39.** (A) सदल मिश्र (जन्म 1767-68 ई. तथा मृत्यु 1847-48) फोर्ट विलियम कॉलेज से संबद्ध 18 वीं सदी के आरंभिक दौर के चार प्रमुख गद्यकारों में से एक है। गिलक्राइस्ट के आग्रह पर इन्होंने 'नासिकेतोपाख्यान' नामक पुस्तक लिखी। इनकी अन्य रचनाएँ हैं–रामचरित (अध्यात्म रामायण) 1806 और हिंदी–पर्सियन शब्दकोश। भाषा पर संस्कृत का गहरा प्रभाव है।

***40.** आंचलिक रचनाएँ किससे सम्बन्धित होती हैं ?
(A) देश विशेष से (B) लोक विशेष से
(C) क्षेत्र विशेष से (D) जाति विशेष से

**40.** (C)

**41.** निम्नलिखित में सबसे पहले अपनी आत्मकथा हिन्दी में किसने लिखी ?
(A) श्याम सुन्दर दास
(B) सेठ गोविन्द दास
(C) जवाहर लाल नेहरू
(D) बनारसी दास
**[डाइट (प्रवक्ता) परीक्षा, 2014]**

**41.** (D) (3 दिसंबर 1884-28 फरवरी, 1963) भारत के प्रथम राष्ट्रपति थे। वे भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे जिन्होंने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने स्वाधीन भारत में केंद्रीय मंत्री के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था। पूरे देश को लोकप्रिय होने के कारण उन्हें राजेन्द्र बाबू या देशरत्न कहकर पुकारा जाता था।

***42.** अपभ्रंश में कृष्ण काव्य के प्रणेता हैं—
(A) पुष्पदन्त (B) शालिभद्र सूरि
(C) स्वयंभू (D) हरिभद्र सूरि
**[कर्मचारी चयन आयोग परीक्षा, 2009]**

**42.** (A) पुष्पदन्त का समय 10 वीं शती है। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं—1. महापुराण तीर्थकर एवं रामकृष्ण का चरित (64 महापुरुषों की कथा), 2. जयकुमार चिरउ, 3. जसहर चिरउ 4. आदि पुराण 5. उत्तर पुराण

**43.** अपभ्रंश का वाल्मीकि किसे कहा जाता है ?
(A) पुष्पदंत को
(B) धनपाल को
(C) शालिभद्र सूरि को
(D) स्वयंभू

**43.** (D) स्वयंभू अपभ्रंश भाषा के महाकवि थे। उनके पिता का नाम मारूतदेव और माता का नाम पद्मिनी था। अपने भाइयों में सबसे छोटे थे। स्वयंभू का उल्लेख पुष्पदंत ने अपने महापुराण में किया है। इनकी तीन रचनाएँ उपलब्ध हुई है–पदमचरिउ (पद्मचरित) रिट्ठणेमिचरिउ (अरिष्टनेमि चरित या हरिवंश पुराण) और स्वयंभू छंद्स। स्वयंभू को अपभ्रंश का वाल्मिकि कहा जाता है।

**44.** 'हिन्दी प्रदीप' के यशस्वी सम्पादक का नाम है—
(A) राधाकृष्ण गोस्वामी
(B) बालकृष्ण भट्ट
(C) अम्बिका दत्त व्यास
(D) लाला भगवान दीन
**[अवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा, 2010]**

**44.** (B) बालकृष्ण भट्ट (23 जून, 1844-20 जुलाई 1914) – बालकृष्ण भट्ट हिंदी के सफल पत्रकार, उपान्यासकार, नाटककार और निबंधकार थे। उन्हें आज की गद्य प्रधान कविता का जनक माना जा सकता है। हिंदी गद्य साहित्य में निर्माताओं में उनका प्रमुख स्थान है।

**45.** निम्नलिखित में कौन 'सरस्वती' पत्रिका के सम्पादक नहीं रहे हैं ?
(A) श्याम सुन्दर दास
(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(C) श्री नारायण चतुर्वेदी
(D) शांतिप्रिय द्विवेदी

**45.** (D) शांतिप्रिय द्विवेदी

***46.** हिन्दी की पहली कहानी लेखिका का नाम है—
(A) बंग महिला
(B) सत्यवती
(C) चन्द्र किरन
(D) चन्द्रकांता
**[आर. आर. बी. परीक्षा, 2009]**

**46.** (A) बंग महिला (वास्तविक नाम–राजेन्द्र बाला घोष) हिन्दी की प्रथम मौलिक (आधुनिक) कहानी लेखिका के रूप में चिरस्मरणीय हैं। इनका रचनाकाल 1904 ई. है। ये मिर्जापुर की एक प्रतिष्ठित बंगाली महाशयराम प्रसन्न घोष की पुत्री और पूर्णचंद की धर्मपत्नी थी, इनकी 'दुलाईवाली' कहानी प्रसिद्ध है जो 1907 ई० में सरस्वती में प्रकाशित हुई थी। इनका एक कहानी संग्रह कुसुम संग्रह के नाम से प्रकाशित हुआ था। 1950 ई० के आसपास बंग महिला की मृत्यु हुई।

***47.** खड़ी बोली के सर्वप्रथम लोकप्रिय कवि कौन माने जाते हैं ?
(A) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(C) मैथिलीशरण गुप्त
(D) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'

**47.** (D) 15 अप्रैल 1865-16 मार्च 1947) हिन्दी के एक सुप्रसिद्ध साहित्यकार थे। वे दो बार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के सभापति रह चुके हैं और सम्मेलन द्वारा विद्यावाचस्पति की उपाधि से सम्मानित किए जा चुके हैं। प्रियप्रवास हरिऔध जी का सबसे प्रसिद्ध ग्रंथ है। यह हिन्दी खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य है और इसे मंगलाप्रसाद पारितोषिक पुरस्कार प्राप्त हो चुका है।

**48.** 'कस्तूरी कुंडल बसै' आत्मकथा है—
(A) शीला झुनझुनवाला की
(B) मैत्रेयी की
(C) कुसुम अंचल की
(D) गोपाल प्रसाद व्यास की

**48.** (B) मैत्रेयी पुष्पा (जन्म 30 नवम्बर 1944 को उत्तर प्रदेश राज्य के अलीगढ़ जिले में सिर्कुरा नामक गाँव में हुआ था। उन्हें हिन्दी अकादमी, दिल्ली की उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है उनकी प्रमुख रचनाएँ उपान्यास – चाक, अल्मा कबूतरी, कस्तूरी कुंडल बसै, स्मृति दंश आदि।
कहानियाँ–त्रियाहठ (कहानी संग्रह) फैसला, सिस्टर, सेंध, अब फूल नहीं खिलते आदि है।

***49.** 'प्रजा हितैषी' पत्र किसके द्वारा निकाला गया ?
(A) राजा शिव प्रसाद सितारे हिन्द
(B) लक्ष्मण सिंह
(C) इंशाअल्ला खाँ
(D) सदल मिश्र

**49.** (B) लक्ष्मण सिंह – राजा लक्ष्मण सिंह का जन्म आगरा के वजीरपुरा नामक स्थान में 9 अक्टूबर 1826 ई. को हुआ था। 13 वर्ष की अवस्था तक राजा साहब घर पर ही संस्कृत और उर्दू की शिक्षा ग्रहण करते रहे और सन् 1839 में अंग्रेजी पढने के लिए आगरा कॉलेज में प्रविष्ट हुए। राजा लक्ष्मण सिंह 10 से अधिक साहित्यिक भाषाओं के ज्ञानी थे। उन्होंने कालिदास की कई रचनाओं का हिन्दी में अनुवाद किया।

**50.** तीसरा विश्व हिन्दी सम्मेलन कहाँ आयोजित हुआ?
(A) मॉरीशस (B) दिल्ली
(C) भोपाल (D) लन्दन
**[बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011]**

**50.** (B) दिल्ली, अधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, भारत का केन्द्रशासित प्रदेश और महानगर है। इसमें नई दिल्ली सम्मिलित है जो भारत की राजधानी है।

***51.** अपभ्रंश में कृष्ण काव्य के प्रणेता हैं—
(A) जयदेव पीयूषवर्ण
(B) विद्यापति
(C) पुष्पदंत
(D) कवि दामोदर

**51.** (C) पुष्पदन्त का समय 10 वीं शती है। इनकी प्रमुख रचनाएँ हैं—1. महापुराण तीर्थंकर एवं रामकृष्ण का चरित (64 महापुरुषों की कथा), 2. जयकुमार चिरउ 3. जसहर चिरउ 4. आदि पुराण 5. उत्तर पुराण।

**52.** सरहपा के अन्य नाम हैं—
(A) सरोज व्रज
(B) राहुल व्रज
(C) (A) व (B) दोनों
(D) इनमें से कोई नहीं
**[M.P. पुलिस S.I. परीक्षा, 2015]**

**52.** (C) सिद्ध सरहपा (सरहपा सरोज व्रज) राहुल व्रज से सिद्ध संप्रदाय की शुरुआत मानी जाती है। यह पहले सिद्ध योगी थे। जाति से यह ब्राह्मण थे। राहुल सांकृत्यायन ने इनका जन्मकाल 769 ई० का माना है जिससे सभी विद्वान सहमत हैं। इनके द्वारा रचित बत्तीस ग्रंथ बताए जाते हैं जिनमें से दोहाकोश हिन्दी की रचनाओं में प्रसिद्ध है। इन्होंने पाखण्ड और आडंबर का विरोध किया तथा गुरुसेवा को महत्त्व दिया।

***53.** 'हिन्दी का आदि कवि' किसे माना जाता है ?
(A) अब्दुर्रहमान (B) भारतेन्दु
(C) स्वयंभू (D) पुष्पदंत

**53.** (D) पुष्पदन्त का समय 10 वीं शती है। इनकी प्रमुख रचनाएँ है—1. महापुराण तीर्थंकर एवं रामकृष्ण का चरित (64 महापुरुषों की कथा), 2. जयकुमार चिरउ, 3. जसहर चिरउ, 4. आदि पुराण, 5. उत्तर पुराण।

**54.** खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य कौन–सा है ?
(A) भक्तिसागर (B) सुखसागर
(C) प्रियप्रवास (D) प्रेम सागर

**54.** (C) अयोध्या सिंह, उपाध्याय'' हरिऔध' की हिन्दी काव्य रचना है। हरिऔध जी को काव्य प्रतिष्ठा प्रियप्रवास से मिली। इसका रचनाकाल सन् 1909 से सन् 1913 है। प्रियप्रवास विरह काव्य है। कृष्ण काव्य की परम्परा में होते हुए भी उससे भिन्न है। हरिऔध जी ने कहा है–मैंने श्री कृष्णचंद को इस ग्रंथ में एक महापुरुष की भाँति अंकित किया है। ब्रह्म करके नहीं। कृष्णचरित को इस प्रकार अंकित किया है जिससे आधुनिक लोग भी सहमत हो सकें।

***55.** निम्नलिखित में से कौन–सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(A) बुन्देली (B) ब्रज
(C) कन्नौजी (D) बघेली

**55.** (D) बघेली राजपूतों के आधार पर रीवा तथा आसपास का इलाका बघेल खण्ड कहलाता है और वहाँ की बोली को बघेल-खंडी या बघेली कहते हैं। बघेली का उद्भव अर्द्धमागधी अपभ्रंश के ही एक क्षेत्रीय रूप से हुआ है। इसका क्षेत्र रीवां, नागौर, शहडोल, सतना, मैहर तथा आसपास का क्षेत्र है।

**56.** भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(A) 343–352 तक
(B) 434–315 तक
(C) 443–135 तक
(D) 334–153 तक

**56.** (A)

**57.** 'दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा' का मुख्यालय कहाँ पर स्थित है ?
(A) हैदराबाद (B) बंगलुरू
(C) चेन्नई (D) मैसूर

**57.** (C) चेन्नई भारतीय राज्य तमिलनाडु की राजधानी है। बंगाल की खाड़ी के कोरोमंडल तट पर स्थित यह दक्षिण भारत की सबसे बड़े सांस्कृतिक, आर्थिक और शैक्षिक केन्द्रों में से एक है। 2011 की भारतीय जनगणना के अनुसार यह चौथा सबसे बड़ा शहर और भारत में चौथा सबसे अधिक आबादी वाला शहरी ढाँचा है।

*58. हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन–सा है ?
(A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी
(B) प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, पालि
(C) अपभ्रंश, पालि, प्राकृत, हिन्दी
(D) हिन्दी, पालि, अपभ्रंश, प्राकृत
**[बिहार शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011]**

**58.** (A) पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी

**59.** किस विद्वान् ने 'केशवदास' को 'भाषा का मिल्टन' की संज्ञा दी ?
(A) गणपति चंद्रगुप्त
(B) मिश्रबंधु
(C) पद्मसिंह शर्मा
(D) डॉ. नगेन्द्र

**59.** (B) मिश्र बंधु नाम के तीन सहोदर भाई थे–गणेश बिहारी, श्यामबिहारी और शुकदेव बिहारी) ग्रंथ ही नहीं एक छंद तक की रचना भी मिलकर करते थे। इसलिए प्रत्येक की रचनाओं का पार्थक्य करना कठिन है।

**60.** ब्रजभाषा व्याकरण के लेखक हैं–
(A) याकूब खाँ (B) मिर्जा खाँ
(C) बेनी प्रवीण (D) गोरे लाल

**60.** (B) 'तुहफतुल हिंद' के रचयिता मिर्जा खाँ ने ब्रजभाषा के क्षेत्र का उल्लेख इस प्रकार किया है। ''भाषा'' ब्रज तथा उसके पास-पड़ोस में बोली जाती है। ग्वालियर तथा चंदवार भी उसमें सम्मिलित हैं। गंगा-यमुना का दोआब क्षेत्र भी ब्रजभाषा का क्षेत्र है।

*61. 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' किसकी रचना है ?
(A) गोस्वामी तुलसीदास
(B) गोपाल नाथ
(C) नाभादास
(D) गोस्वामी गोकुलनाथ
**[UPSSC राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) परीक्षा, 2015]**

**61.** (D) गोस्वामी गोकुलनाथ (जन्म विक्रम संवत् 1608 मृत्यु–संवत् 1697) वल्लभ संप्रदाय की आचार्य परम्परा के प्रसिद्ध प्रचारक थे। इनके पिता का नाम गोस्वामी विट्ठलनाथ था। इनकी मुख्य रचनाएँ–उपदेशों के दो संकलन प्रसिद्ध हैं। चौरासी वैष्णन की वार्ता और दो सौ बावन वैष्णन की वार्ता।

**62.** 'महात्मा गाँधी अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय' का मुख्यालय है—
(A) लखनऊ (B) पुणे
(C) दिल्ली (D) वर्धा

**62.** (D) वर्धा भारत के महाराष्ट्र राज्य के वर्धा जिले में स्थित एक नगर है। यह उस जिले का मुख्यालय भी है। यह इंद्र देवता की नगरी के रूप में विख्यात है और इसे इंद्रपुरी भी कहते हैं। इसका क्षेत्रफल 70 किमी है इसकी ऊँचाई 234 मी. है। वर्धा के आकर्षण स्थल है– विश्व शांति स्तूप, मगन संग्रहालय समिति, गीताई मंदिर।

*63. 'हिन्दी दिवस' मनाया जाता है—
(A) 11 जून (B) 14 सितम्बर
(C) 28 सितम्बर (D) 10 अक्टूबर

**63.** (B) हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है। 14 सितम्बर को संविधान सभा ने एक मत से यह निर्णय लिया कि हिन्दी ही भारत की राजभाषा होगी।

**64.** हिन्दी किस भाषा परिवार की भाषा है ?
(A) भारोपीय (B) द्रविड़
(C) आस्ट्रिक (D) चीनी–तिब्बती

**64.** (A) हिन्दी–यूरोपीय या भारोपीय भाषा परिवार संसार का सबसे बड़ा भाषा परिवार (यानि कि संबंधित भाषाओं का समूह) है। हिन्द–यूरोपीय या भारोपीय भाषा परिवार में विश्व की सैकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ सम्मिलित हैं। आधुनिक हिन्द यूरोपीय भाषाओं में से कुछ हैं–हिन्दी, उर्दु, अंग्रेजी, फ्रांसीसी, जर्मन, पर्तुगाली, स्पैनिश, डच, फारसी, बांग्ला, पंजाबी, रूसी आदि। ये सभी एक ही आदिम भाषा से निकली हैं उन्हें आदिम–हिन्द–यूरोपीय भाषा का नाम दे सकते हैं। यह संस्कृत से बहुत मिलती–जुलती थी जैसे कि वह संस्कृत का ही आदिम रूप हो।

*65. भारत में सर्वाधिक बोले जाने वाली भाषा कौन–सी है ?
(A) हिन्दी (B) संस्कृत
(C) तमिल (D) उर्दू

**65.** (A) हिन्दी विश्व की एक प्रमुख भाषा है एवं भारत की राजाभाषा है। केन्द्रीय स्तर पर भारत में दूसरी आधिकारित भाषा अंग्रेजी है। यह हिन्दुस्तानी भाषा का एक मानकीकृत रूप है जिसमें संस्कृत के तत्सम तथा तद्भव शब्दों का प्रयोग अधिक है और अरबी–फारसी शब्द कम हैं।

**66.** खड़ी बोली का पहला महाकाव्य निर्धारित है–
(A) प्रियप्रवास (B) साकेत
(C) यशोधरा (D) द्वापर

**66.** (A) अयोध्या सिंह, उपाध्याय'' हरिऔध' की हिन्दी काव्य रचना है। हरिऔध जी को काव्य प्रतिष्ठा प्रियप्रवास से मिली। इसका रचनाकाल सन् 1909 से सन् 1913 है। प्रियप्रवास विरह काव्य है। कृष्ण काव्य की परम्परा में होते हुए भी उससे भिन्न है। हरिऔध जी ने कहा है–मैंने श्री कृष्णचंद को इस ग्रंथ में एक महापुरुष की भाँति अंकित किया है। ब्रह्म करके नहीं। कृष्णचरित को इस प्रकार अंकित किया है जिससे आधुनिक लोग भी सहमत हो सकें।

*67. निम्नलिखित में से कौन–सी बोली अथवा भाषा हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है ?
(A) कन्नौजी (B) बांगरू
(C) अवधी (D) तेलुगू

**67.** (D) तेलुगू भाषा भारत के आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों की मुख्य भाषा और राज भाषा है। यह भाषा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के अलावा तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में बोली जाती है। तेलुगू के तीन नाम प्रचलित हैं–अंट–ऐसा कहते हैं, अंडि–जी–अंडी–जी।

**68.** हिन्दी की विशिष्ट बोली 'ब्रजभाषा' किस रूप में सबसे अधिक प्रसिद्ध है ?
(A) राजभाषा (B) तकनीकी भाषा
(C) राष्ट्रभाषा (D) काव्यभाषा

**68.** (D) काव्य, कविता या पद्य, साहित्य की वह विधा है जिसमें किसी कहानी या मनोभावों को कलात्मक रूप में किसी भाषा के द्वारा अभिव्यक्त किया जाता है। भारत में कविता का इतिहास और कविता का दर्शन बहुत पुराना है। इसका प्रारंभ भरतमुनि से समझा जा सकता है। कविता का शाब्दिक अर्थ है– काव्यात्मक रचना या कवि की कृति जो छंदों की शृंखलाओं में बाँधी जाती है।

*69. भारतवर्ष में हिन्दी को आप किस वर्ग में रखेंगे ?
(A) राजभाषा (B) राष्ट्रभाषा
(C) विभाषा (D) तकनीकी भाषा

**69.** (A) राजभाषा वह भाषा है जिसका प्रयोग देश के सरकारी कार्यालयों में कामकाज के लिए किया जाता है। भारत की राजभाषा हिन्दी है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अन्तर्गत 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया।

**70.** 'ढूँढाड़ी' बोली है—
(A) पश्चिमी राजस्थान की
(B) पूर्वी राजस्थान की
(C) दक्षिणी राजस्थान की
(D) उत्तरी राजस्थान की

**70.** (B)

**71.** निम्नलिखित में से कौन–सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(A) गुजराती (B) उड़िया
(C) मराठी (D) पंजाबी

**71.** (C) मराठी भारत के महाराष्ट्र प्रांत में बोली जाने वाली सबसे मुख्य भाषा है। भाषाई परिवार के स्तर पर यह एक आर्य भाषा है जिसका विकास संस्कृत से अपभ्रंश तक का सफर पूरा होने के बाद आरंभ हुआ। मराठी भारत की प्रमुमख भाषाओं में से एक है। यह महाराष्ट्र और गोवा की राजभाषा है तथा पश्चिम भारत की सह राज्यभाषा है। मातृभाषियों की संख्या के आधार पर मराठी विश्व में पन्द्रहवें और भारत में तीसरे स्थान पर है। यह भाषा 900 ई. से प्रचलन में है और यह भी हिन्दी के समान संस्कृत आधारित भाषा है।

***72.** निम्नलिखित में से कौन–सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?

(A) खड़ी बोली (B) ब्रजभाषा
(C) अवधी (D) पालि

**72.** (D) पालि प्राचीन भारत के लोगों की भाषा थी जो पूर्व में बिहार से पश्चिम में हरियाणा – राजस्थान तक और उत्तर से नेपाल, उत्तर प्रदेश से दक्षिण में मध्य प्रदेश तक बोली जाती थी। भगवान बुद्ध भी इन्हीं प्रदेशों में विचरण करते हुए लोगों को धर्म समझाते रहे। आज इन्हीं प्रदेशों में हिन्दी बोली जाती है। इसलिए पालि प्राचीन हिन्दी है।

***73.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ ?

(A) शारदा लिपि (B) खरोष्ठी लिपि
(C) कुटिल लिपि (D) ब्राह्मी लिपि

**73.** (D) ब्राह्मी एक प्राचीन लिपि है जिससे कई एशियाई लिपियों का विकास हुआ है। देवनागरी सहित अन्य दक्षिण एशियाई, दक्षिण–पूर्व एशियाई तिब्बती तथा कुछ लोगों के अनुसार कोरियाई लिपि का विकास भी इसी से हुआ था।

**74.** वर्तमान हिन्दी का प्रचलित रूप है—

(A) अवधी (B) ब्रजभाषा
(C) खड़ी बोली (D) देवनागरी

**74.** (C) खड़ी से अर्थ है खरी अर्थात् शुद्ध अथवा ठेठ हिंदी बोली। शुद्ध अथवा ठेठ हिंदी बोली या भाषा को उस समय खरीया खड़ी बोली के नाम से संबोधित किया गया जबकि हिन्दुस्तान में अरबी, फारसी और हिन्दुस्तानी शब्द मिश्रित उर्दू भाषा का चलन था या दूसरी तरफ अवधी या ब्रजभाषा का ठेठ या शुद्ध चलन था।

***75.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छत्तीसगढ़ी बोली है—

(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पहाड़ी हिन्दी (D) राजस्थानी हिन्दी

**[असिस्टेंट ग्रेड परीक्षा, 2009]**

**75.** (A) पूर्वी हिन्दी की तीन शाखाएँ मानी गई हैं– बघेली, छत्तीसगढ़ी और अवधी। अवधी बोली अर्द्धमागधी प्राकृत की परम्परा में आती है। यह बोली मुख्यतः अवध में बोली जाती है। अवध में बोली जाने वाली बोली के दो भेद है– 1. पूर्वी अवधी 2. पश्चिमी अवधी

**76.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?

(A) संघ की भाषा
(B) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(C) पत्राचार की भाषा
(D) राजभाषा हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**[अनुवादक परीक्षा, 2009]**

**76.** (D)

**77.** 'ब्रजभाषा' है—

(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) बिहारी हिन्दी (D) पहाड़ी हिन्दी

**[TGT परीक्षा, 2004]**

**77.** (B) पश्चिमी हिन्दी में कन्नौजी बुंदेली, खड़ी बोली, बांगरू तथा ब्रजभाषा को सम्मिलित किया गया है। खड़ी बोली अपने मूल रूप में मेरठ, बिजनौर, के आसपास बोली जाती है। बांगरू को जाट या 'हरियाणवी' भी कहते हैं। ब्रजभाषा मथुरा के आसपास ब्रजमंडल में बोली जाती है।

***78.** 'मगही' किस उपभाषा की बोली है ?

(A) राजस्थानी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पूर्वी हिन्दी (D) बिहारी

**[PGT परीक्षा, 2004]**

**78.** (D) आर्य भाषाओं का पश्चिमी समूह है जो मुख्यतः भारत में बिहार एवं इसके अन्य पड़ोसी राज्यों में बोली जाती है। कुछ बिहारी भाषाएँ जैसे, अंगिका, बज्जिका, भोजपुरी, मगही, और मैथिली भारत के साथ–साथ नेपाल में भी बोली जाती है।

**79.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?

(A) मागधी (B) अर्द्ध मागधी
(C) शौरसेनी (D) ब्राचड़

**[PGT परीक्षा, 2004]**

**79.** (C) शौरसेनी नामक प्राकृत मध्यकाल में उत्तरी भारत की एक प्रमुख भाषा थी। यह नाटकों में प्रयुक्त होती थी। बाद में इससे हिन्दी भाषा–समूह व पंजाबी विकसित हुई। दिगम्बर जैन परम्परा के सभी जैनाचार्यों ने अपने महाकाव्य शौरसेनी में ही लिखे जो उनके आदृत महाकाव्य हैं।

***80.** भाषाई आधार पर सर्वप्रथम किस राज्य का गठन हुआ?

(A) पंजाब (B) जम्मू–कश्मीर
(C) राजस्थान (D) आन्ध्र प्रदेश

**80.** (D) आन्ध्र प्रदेश भारत के 29 राज्यों में से एक है और यह भारत का आठवाँ सबसे बड़ा राज्य है। इस राज्य में सबसे बड़े शहर विशाखापत्तनम और विजयवाड़ा है। 2 जून 2014 को आन्ध्र प्रदेश के उत्तर पश्चिमी भाग को एक नया राज्य तेलंगाना बनाने के लिए अलग किया गया था।

**81.** 'बघेली' बोली का सम्बन्ध किस उपभाषा से है?

(A) राजस्थानी (B) पूर्वी हिन्दी
(C) बिहारी (D) पश्चिमी हिन्दी

**[PGT परीक्षा, 2005]**

**81.** (B) पूर्वी हिन्दी की तीन शाखाएँ मानी गई हैं– बघेली, छत्तीसगढ़ी और अवधी। अवधी बोली अर्द्ध मागधी प्राकृत की परम्परा में आती है यह मुख्यतः अवध में बोली जाती है। अवध में बोली जाने वाली बोली के दो भेद हैं– 1. पूर्वी अवधी 2. पश्चिमी अवधी।

**82.** भारतीय संविधान की **8**वीं अनुसूची में शामिल भाषाओं की संख्या है—

(A) 14 (B) 15
(C) 18 (D) 22

**[रेल भर्ती परीक्षा, 2008]**

**82.** (D)

***83.** आठवाँ विश्व हिन्दी सम्मेलन (World Hindi Conference) 2007 ई. का आयोजन स्थल था—

(A) नागपुर (B) मारिशस
(C) लन्दन (D) न्यूयार्क

**83.** (D) न्यूयार्क अमेरिका का सबसे बड़ा और प्रमुख नगर है। यह न्यूयार्क राज्य में है जो अमेरिका के उत्तरी पूर्वी भाग में स्थित है। न्यूयार्क नगर 1970 से अमेरिका का सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर है। जबकि न्यूयार्क का महानगरीय क्षेत्र विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले महानगरीय क्षेत्रों में से एक है। यह विश्व का एक प्रमुख महानगर है और विश्व व्यापार वाणिज्य, संस्कृति, फैशन और मनोरंजन पर इसका बहुत प्रभाव है। संयुक्त राष्ट्र का मुख्यालय यहाँ स्थित होने के कारण यह अंतर्राष्ट्रीय मामलों का भी एक प्रमुख केन्द्र है।

***84.** निम्नलिखित में से कौन–सी भारोपीय परिवार की भाषा नहीं है ?

(A) मराठी (B) गुजराती
(C) मलयालम (D) हिन्दी

**[पुलिस उप–निरीक्षक परीक्षा, 2001]**

**84.** (C) मलयालम या कैरली भारत के केरल प्रांत में बोली जाने वाली प्रमुख भाषा है। ये द्रविड़ भाषा परिवार में आती है। केरल के अलावा ये तमिलनाडु के कन्याकुमारी तथा उत्तर प्रदेश में कर्नाटक के दक्षिण कन्नड जिला, लक्षद्वीप तथा अन्य कई देशों में बसे मलयालियों द्वारा बोली जाती है। मलयालम भाषा लिपि के विचार से तमिल भाषा के काफी निकट है।

***85.** विकास की दृष्टि से प्राकृत की पूर्वकालीन अवस्था का नाम है—
(A) पालि (B) संस्कृत
(C) हिन्दी (D) अवहट्ठ
**[M.P. S.I. परीक्षा, 2015]**

**85.** (A) पालि प्राचीन उत्तर भारत के लोगो की भाषा थी जो पूर्व में बिहार से पश्चिम में हरियाणा–राजस्थान और उत्तर में नेपाल–उत्तर प्रदेश से दक्षिण में मध्य प्रदेश तक बोली जाती थी। भगवान बुद्ध भी इन्हीं प्रदेशों में विचरण करते हुए लोगों को धर्म समझाते रहे। आज इन्हीं प्रदेशों में हिन्दी बोली जाती है इसलिए पालि प्राचीन हिन्दी है।

**86.** पश्चिमी हिन्दी की दो बोलियों का सही युग्म है—
(A) कन्नौजी–अवधी
(B) ब्रज–बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी–बांगरू
(D) खड़ी बोली–बुंदेली

**86.** (A) कन्नौज और उसके आस पास बोली जाने वाली भाषा को कन्नौजी या कनउजी भाषा कहते हैं। 'कान्यकुब्ज' से कन्नौज शब्द व्युत्पन्न हुआ और कन्नौज के आस–पास की बोली कन्नौजी नाम से अभिहीत की गई। कन्नौज वर्तमान में एक जिला है जो उत्तर प्रदेश में है। यह भारत का अति प्राचीन, प्रसिद्ध एवं समृद्ध नगर रहा है।
अवधी – अवध क्षेत्र की भाषा अवधी कहलाती है जो हिन्दी की एक उपभाषा है। अवधी का प्राचीन साहित्य बड़ा संपन्न है। इसमें भक्ति काव्य और प्रेमाख्यान काव्य दोनों का विकास हुआ। भक्तिकाव्य का शिरोमणि ग्रंथ गोस्वामी तुलसीदास कृतरामचरित मानस है। मलूकदास आदि संतों में भी इसी भाषा में रचनाएँ कीं। प्रेमाख्यान का प्रतिनिधि ग्रंथ मलिक मुहम्मद जायसी रचित 'पद्मावत' है जिसकी रचना रामचरितमानस' चौंतीस वर्ष पहले हुई अवधी की यह सफल परम्परा आज भी चली आ रही है।

***87.** अर्द्धमागधी अपभ्रंश से विकसित बोली है—
(A) बांगरु (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) भोजपुरी
**[बी. एड. प्रवेश परीक्षा, 2009]**

**87.** (B) बघेली या बघेली हिन्दी की एक बोली है जो भारत के बघेलखण्ड क्षेत्र में बोली जाती है। यह मध्य प्रदेश के रीवां, सतना, सीधी, उमरिया एवं शहडोल, अनूपपुर में, उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद एवं मिर्जापुर जिलो में तथा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एवं कोरिया जनपदों में बोली जाती है। इसे 'बघेलखण्डी' 'रिमही' और 'रिवई' भी कहा जाता है।

**88.** देवनागरी लिपि का सही विकास–क्रम है—
(A) गुप्त लिपि, ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि, नागरी लिपि
(B) नागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, देवनागरी लिपि
(C) ब्राह्मी लिपि, गुप्त लिपि, नागरी लिपि, देवनागरी लिपि
(D) गुप्त लिपि, नागरी लिपि, ब्राह्मी लिपि, देवनागरी लिपि।
**[बी. एड. प्रवेश परीक्षा, 2009]**

**88.** (C) ब्राह्मी एक प्राचीन लिपि है जिससे कई एशियाई ............ के अनुसार कोरियाई लिपि पर ब्राह्मी लिपि का स्पष्ट प्रभाव है। गुप्त लिपि जिसे गुप्त ब्राह्मी लिपि भी कहते हैं। भारत में गुप्त साम्राज्य के काल में संस्कृत लिखने के लिए प्रयोग की जाती थी गुप्त लिपि ब्राह्मी लिपि से बनी थी और इसने आगे चलकर देवनागरी, गुरुमुखी, तिब्बतन और बंगाली असमिया लिपियों को जन्म दिया। नागरी लिपि से ही देवनागरी लिपि का विकास हुआ है। इसका पहले प्राकृत और संस्कृत भाषा के लिखने में उपयोग किया जाता था। कई बार नागरी लिपि का अर्थ देवनागरी लिपि भी लगाया जाता है। नागरी लिपि का विकास ब्राह्मी लिपि से हुआ है।
देवनागरी एक भारतीय लिपि है जिसमें अनेक भारतीय भाषाएँ तथा कई विदेशी भाषाएँ लिखी जाती हैं। यह बाएँ से दाएँ लिखी जाती है। इसके अतिरिक्त कुछ स्थितियों में गुजराती, पंजाबी, विष्णुपुरिया, मणिपुरी, रोमानी और उर्दू भाषाएँ भी देवनागरी में लिखी जाती हैं। देवनागरी विश्व में सर्वाधिक उपयुक्त लिपियों में से एक है।

**89.** हिन्दी का सम्बन्ध किससे है ?
(A) शौरसेनी अपभ्रंश
(B) अपभ्रंश
(C) पश्चिमी प्राकृत
(D) प्राकृत
**[UPSSC समीक्षा अधिकारी परीक्षा, 2015]**

**89.** (D) भारतीय आर्य भाषा के मध्ययुग में जो अनेक प्रादेशिक भाषाएँ विकसित हुईं उनका सामान्य नाम प्राकृत है और उन भाषाओ में जो ग्रंथ रचे गए उन सबको समुच्चय रूप से प्राकृत साहित्य कहा जाता है।

***90.** अपभ्रंश को 'पुरानी हिन्दी' किसने कहा है ?
(A) ग्रियर्सन
(B) श्याम सुन्दर दास
(C) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'
(D) भारतेन्दु
**[UPSSC सहायक/स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2015]**

**90.** (C) हिन्दी के प्रमुख रचनाकार पं. चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' का जन्म 7 जुलाई 1883 को पुरानी बस्ती जयपुर में हुआ था। गुलेरी जी अनेक भाषाओं के ज्ञाता थे। आप संस्कृत, पाली, प्राकृत, हिन्दी, बांग्ला, अंग्रेजी, लैटिन और फ्रेच आदि भाषाओं पर अधिकार रखते थे। निबंधकार के रूप में भी चन्द्रधर जी बड़े प्रसिद्ध रहे हैं इन्होंने सौ से अधिक निबंध लिखे हैं। चन्द्रधर के निबंध विषय अधिकतर–इतिहास, दर्शन, धर्म मनोविज्ञान और पुरातन संबंधी ही हैं।

**91.** साहित्यिक अपभ्रंश को पुरानी हिन्दी किसने कहा था ?
(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल
(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(C) शिव सिंह सेंगर
(D) राहुल सांकृत्यायन
**[रेलवे भर्ती परीक्षा, 2003]**

**91.** (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (4 अक्टूबर 1884 – 2 फरवरी 1942) हिन्दी आलोचक, निबंधकार, साहित्येतिहासकार, कोशकार, अनुवादक, कथाकार और कवि थे। उनके द्वारा लिखी गई सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है हिन्दी साहित्य का इतिहास जिसके द्वारा आज भी काल निर्धारण एवं पाठ्यक्रम निर्माण में सहायता ली जाती है। हिन्दी निबंध के क्षेत्र में शुक्ल जी का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

***92.** शौरसेनी अपभ्रंश से किस उपभाषा का विकास हुआ ?
(A) बिहारी (B) राजस्थानी
(C) बांग्ला (D) पंजाबी
**[अवर सेवाचयन परीक्षा, 2010]**

**92.** (B) हिन्दी ब्रजभाषा मेवाती, मारवाड़ी, शेखावटी, हाड़ौती, जैसी कई भाषाओं के मिश्रित झुंड को राजस्थानी भाषा का नाम दिया गया इसे वर्तमान में देवनागरी में लिखा जाता है। राजस्थानी भाषा भारत के राजस्थान प्रांत व मालवा क्षेत्र तथा पाकिस्तान के कुछ भागों में करोड़ों लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है।

**93.** भाषा का जादूगर किसे कहा जाता है–

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी

(B) मुंशी प्रेमचंद

(C) शिव पूजन सहाय

(D) भारतेन्दु हरिश्चंद्र

**93.** (C) शिवपूजन सहायक (जन्म 9 अगस्त 1893, शाहाबाद, बिहार; मृत्यु 21 जनवरी 1963 पटना) हिन्दी के प्रसिद्ध उपान्यासकार कहानीकार संपादक और पत्रकार थे। उन्हे साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में सन् 1960 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। इनके लिखे हुए प्रारंभिक लेख–लक्ष्मी, मनोरंजन तथा पाटलिपुत्र आदि पत्रिकाओं में प्रकाशित होते थे। स्वतंत्रता के बाद शिवपूजन सहाय बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् के संचालक तथा बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से प्रकाशित 'साहित्य' नामक शोध समीक्षा प्रधान त्रैमासिक पत्र के संपादक थे।

***94.** 'पंजाबी' का विकास अपभ्रंश के किस रूप से हुआ है ?

(A) महाराष्ट्री (B) मागधी

(C) ब्राचड़ (D) पैशाची

**94.** (D) पैशाची भाषा प्राकृत भाषा है जो प्राचीन समय में भारतवर्ष के परिश्मोत्तर प्रदेश में बोली जाती थी। इस भाषा में विरचित गुणाढ्य कृत 'बृहत्कथा' की भारतीय साहित्य में बड़ी ख्याति है।

***95.** बिहारी, बांग्ला, उड़िया और असमिया भाषाओं का उद्भव किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(A) मागधी (B) अर्द्धमागधी

(C) पैशाची (D) शौरसेनी

**95.** (A) मागधी या मगही भारत की एक भाषा है। 'मगही' शब्द का विकास मागधी से हुआ है। (मागधी > मागही > मगही) प्राचीन काल में यह मगध साम्राज्य की भाषा थी। भगवान बुद्ध अपने उपदेश इसके प्राचीन रूप मगिधी प्राकृत में ही देते थे। मगही का मैथिली और भोजपुरी भाषाओं से भी गहरा संबंध है जिन्हे सामूहिक रूप से बिहारी भाषाएँ कहा जाता है। मगही बिहार के मुख्यतः पटना, गया, जहानाबाद और औरंगाबाद जिले में बोली जाती है।

**96.** अर्द्धमागधी अपभ्रंश से किसका विकास हुआ है ?

(A) पश्चिमी हिन्दी (B) पूर्वी हिन्दी

(C) मराठी (D) गुजराती

**96.** (B) पूर्वी हिन्दी की तीन शाखाएँ मानी गई हैं– बघेली, छत्तीसगढ़ी और अवधी। अवधी बोली अर्द्धमागधी प्राकृत की परम्परा में आती है। यह बोली मुख्यतः अवध में बोली जाती है। अवध में बोली जाने वाली बोली के दो भेद है– 1. पूर्वी अवधी 2. पश्चिमी अवधी

**97.** इनमें कौन–सी बोली पूर्वी हिन्दी की नहीं है ?

(A) अवधी (B) बिहारी

(C) बघेली (D) छत्तीसगढ़ी

**97.** (B) आर्य भाषाओं का पश्चिमी समूह है जो मुख्यतः भारत में बिहार एवं इसके अन्य पड़ोसी राज्यों में बोली जाती है। कुछ बिहारी भाषाएँ, जैसे–अंगिका, मज्जिका, भोजपुरी, मगही और मैथिली भारत के साथ–साथ नेपाल में भी बोली जाती है।

***98.** शौरसेनी अपभ्रंश से उत्पन्न भाषाएँ हैं—

(A) ब्रजभाषा, अवधी, कुमाऊँनी और गढ़वाली

(B) पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी और गुजराती

(C) बिहारी, बांग्ला, उड़िया और असमिया

(D) लँहदा, पंजाबी, गुजराती और मराठी

**98.** (B) पश्चिमी हिन्दी में कन्नौजी, बुंदेली, खड़ी बोली बाँगरू तथा ब्रजभाषा को सम्मिलित किया गया है। खड़ी बोली अपने मूल रूप में मेरठ, बिजनौर के आसपास बोली जाती है। बाँगरू को जाट या 'हरियाणवी' भी कहते है। ब्रजभाषा मथुरा के आस पास ब्रजमंडल में बोली जाती है।

राजस्थानी – हिन्दी ब्रजभाषा, मेवाती, मारवाड़ी, शेखावटी, हाड़ौती जैसी कई भाषाओं के मिश्रित झुंड को राजस्थानी भाषा का नाम दिया गया है, इसे वर्तमान में देवनागरी में लिखा जाता है। राजस्थानी भाषा भारत के राजस्थान प्रांत व मालवा क्षेत्र तथा पाकिस्तान के कुछ भागों में करोड़ों द्वारा बोली जाने वाली भाषा है।

गुजराती–गुजराती भाषा–गुजरात की एक भाषा है जो गुजरात राज्य, दीप और मुंबई में बोली जाती है भारत की दूसरी भाषाओं की तरह गुजराती भाषा का जन्म संस्कृत भाषा से हुआ है। दूसरे राज्यों एवं विदेशों में गुजराती बोलने वाले लोग निवास करते हैं।

**99.** पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है–

(A) कन्नौजी (B) हरियाणवी

(C) अवधी (D) बुन्देली

**99.** (C) अवध क्षेत्र की भाषा अवधी कहलाती है जो हिन्दी की एक उपभाषा है। अवधी भाषा में भक्ति काव्य और प्रेमख्यान काव्य दोनों का विकास हुआ। भक्ति काव्य का शिरोमणि ग्रंथ गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस है। मलूक दास आदि संतो ने भी इसी भाषा में रचनाएँ कीं। प्रेमाख्यान का प्रतिनिधि ग्रंथ मलिक मुहम्मद जायसी रचित पद्मावत है जिसकी रचना 'रामचरितमानस' से चौंतीस वर्ष पहले हुई अवधी की यह सम्पन्न परम्परा आज भी चली आ रही है।

**100.** हिन्दी की 'उपभाषाएँ' कितनी हैं ?

(A) तीन (B) चार

(C) पाँच (D) छः

**100.** (C)

**101.** पश्चिमी हिन्दी की बोलियों की संख्या है—

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) पाँच

**101.** (D)

**102.** पूर्वी हिन्दी की बोलियाँ हैं—

(A) अवधी, बघेली एवं छत्तीसगढ़ी

(B) ब्रज, अवधी और कन्नौजी

(C) भोजपुरी, बघेली, छत्तीसगढ़ी

(D) मैथिली, ब्रज और कन्नौजी

**102.** (A) अवधी–अवध क्षेत्र की भाषा कहलाती है जो हिन्दी की एक उपभाषा है। अवधी भाषा में भक्ति काव्य और प्रेमाख्यान काव्य दोनों का विकास हुआ। भक्ति का शिरोमणि ग्रंथ गोस्वामी तुलसीदासकृत रामचरितमानस है। मूलकदास आदि संतों ने भी इसी भाषा में रचनाएँ की हैं। प्रेमाख्यान का प्रतिनिधि ग्रंथ मलिक मुहम्मद जायसी रचित पद्मावत है जिसकी रचना रामचरितमानस से चौंतीस वर्ष पहले हुई।

बघेली–बघेली या बाघेली हिन्दी की एक बोली है जो भारत के बघेलखंड क्षेत्र में बोली जाती है। यह मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, उमरिया एवं शहडोल, अनूपपुर में, उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद एवं मिर्जापुर जिलो में तथा छत्तीसगढ़ के बिलासपुर एवं कोरिया जनपदों में बोली जाती है।

छत्तीसगढ़ी–छत्तीसगढ़ी भारत के छत्तसीगढ़ राज्य में बोली जाने वाली एक अत्यंत ही मधुर व सरस भाषा है। छत्तीसगढ़ी का अपना समृद्व साहित्य व

व्याकरण है। छत्तीसगढ़ 2 करोड़ लोगो की मातृभाषा है। यह पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोली है और छत्तीसगढ़ राज्य की प्रमुख भाषा है। राज्य की 82.56 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी क्षेत्रों में केवल 17 प्रतिशत लोग रहते हैं।

***103.** भोजपुरी, मगही और मैथिली बोलियाँ किससे सम्बन्धित हैं ?

(A) पश्चिमी हिन्दी
(B) पूर्वी हिन्दी
(C) बिहारी हिन्दी
(D) राजस्थानी हिन्दी

**103.** (C) बिहारी हिन्दी आर्य भाषाओं का पश्चिमी समूह है जो मुख्यतः भारत में बिहार एवं इसके अन्य पड़ौसी राज्यों में बोली जाती है। कुछ बिहारी भाषाएँ जैसे–अंगिका, वज्जिका, भोजपुरी, मगही और मैथिली भारत के साथ–साथ नेपाल में भी बोली जाती है।

**104.** सिन्धी भाषा का उद्‌भव हुआ है–

(A) ब्राचड़ अपभ्रंश से
(B) पैशाची अपभ्रंश से
(C) मागधी अपभ्रंश से
(D) शौरसेनी अपभ्रंश से

**104.** (A)

**105.** गुड़गाँव, दिल्ली तथा करनाल के पश्चिमी क्षेत्रों में बोली जाने वाली 'अहीरवाटी' का सम्बन्ध किससे है ?

(A) उत्तरी–पूर्वी राजस्थानी
(B) पश्चिमी राजस्थानी
(C) उत्तरी राजस्थानी
(D) दक्षिणी राजस्थानी

**105.** (A) उत्तरी–पूर्वी राजस्थानी बोलियाँ अहीर वाटी और मेवाती

***106.** 'अवधी' का उद्‌भव किस अपभ्रंश से हुआ है ?

(A) शौरसेनी (B) पैशाची
(C) मागधी (D) अर्द्धमागधी

**106.** (D) मध्य भारतीय आर्य परिवार की भाषा अर्द्धमागधी संस्कृत और आधुनिक भारतीय भाषाओं के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह प्राचीन काल में मगध की साहित्यिक एवं बोलचाल की भाषा थी। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने इसी भाषा में अपने धर्मोपदेश दिए थे। आगे चलकर महावीर के शिष्यों ने भी महावीर के उपदेशो का संग्रह अर्द्धमागधी में किया जो आगम नाम से प्रसिद्ध हुए।

***107.** 'मैथिली' में साहित्य सृजन करने वाला रचनाकार कौन है ?

(A) विद्यापति (B) भारतेन्दु
(C) सरहपा (D) अज्ञेय

**107.** (A) विद्यापति भारतीय साहित्य की 'शृंगार' परम्परा के साथ–साथ 'भक्ति परम्परा' के प्रमुख स्तंभों में से एक और मैथिली के सर्वोपरि कृति के रूप में जाने जाते है। इनके काव्यों में मध्य कालीन मैथिली भाषा का स्वरूप दर्शन किया जा सकता है। इन्हें वैष्णव, शैव और शाक्त भक्ति के रूप में भी स्वीकार किया गया है।

**108.** मध्य पूर्वी राजस्थानी का एक अन्य नाम है–

(A) मेवाती (B) ढूँढाड़ी
(C) मारवाड़ी (D) मालवी

**[UPPSC सहायक/स्टेनोग्राफर परीक्षा, 2014]**

**108.** (B)

**109.** निम्नलिखित में से किस बोली में कृष्ण काव्य और रीतिकालीन साहित्य का सृजन हुआ ?

(A) अवधी (B) भोजपुरी
(C) ब्रजभाषा (D) कौरवी

**[लोकसेवा आयोग परीक्षा, 2010]**

**109.** (C) ब्रजभाषा मूलतः ब्रजक्षेत्र की बोली है विक्रम की 13 वीं शताब्दी से लेकर 20 वीं शताब्दी तक भारत में साहित्यिक भाषा रहने के कारण ब्रज की इस जनपदीय बोली ने अपने विकास के साथ भाषा नाम प्राप्त किया और ब्रजभाषा नाम से जानी जाने लगी। शुद्ध रूप में यह आज भी मथुरा, आगरा, धौलपुर और अलीगढ़ जिलों में बोली जाती है। इसे हम केन्द्रीय ब्रज भाषा भी भी कह सकते हैं। प्रारम्भ में ब्रजभाषा में ही काव्य रचना हुई।

***110.** इनमें से कौन–सी रचना 'अवधी' में नहीं है ?

(A) पद्‌मावत (B) मधुमालती
(C) कवितावली (D) हंस जवाहिर

**[लोकसेवा आयोग परीक्षा, 2010]**

**110.** (D) हंस जवाहिर नामक पुस्तक की रचना कासिमशाह ने की थी। कासिमशाह बाराबंकी उत्तर प्रदेश के रहने वाले थे। कासिमशाह संवत् 1788 (1731 ई॰) के लगभग वर्तमान थे। हंस जवाहिर में राजा हंस और रानी जवाहिर की कथा है। फारसी अक्षरों में छपी इस पुस्तक की एक प्रति उपलब्ध है।

***111.** शकुन्तला नाटक का खड़ी बोली में अनुवाद किसने किया ?

(A) राजा शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द'
(B) राजा लक्ष्मण सिंह
(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(D) गिरिधर दास

**[उ. प्र. शिक्षक पात्रता परीक्षा, 2011]**

**111.**(B) राजा लक्ष्मण सिंह का जन्म आगरा के बजीरपुरा नामक स्थान में 9 अक्टूबर 1826 ई. को हुआ था। 13 वर्ष की अवस्था तक राजा साहब घर पर ही संस्कृत और उर्दू की शिक्षा ग्रहण करते रहे और सन् 1839 में अंग्रेजी पढ़ने के लिए आगरा कॉलेज में प्रविष्ट हुए। राजा लक्ष्मण सिंह 10 से अधिक साहित्यिक भाषाओं के ज्ञानी थे। उन्होंने कालिदास की कई रचनाओं का हिन्दी में अनुवाद किया।

**112.** खड़ी बोली कहाँ बोली जाती है ?

(A) झाँसी (B) कानपुर
(C) मेरठ (D) अलीगढ़

**[राज. प्री. बी. एड. परीक्षा, 1995]**

**112.**(C) मेरठ भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का एक शहर है। यहाँ नगर निगम कार्यरत है। यह प्राचीन नगर दिल्ली से 72 किमी उत्तर पूर्व में स्थित है। मेरठ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का हिस्सा है। यहाँ भारतीय सेना की एक छावनी भी है। यह उत्तर प्रदेश के सबसे तेजी से विकसित और शिक्षित होते जिलों में से एक है।

***113.** किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है ?

(A) बाँसवाड़ा (B) आरा–भोजपुर
(C) बनारस (D) मगध

**113.**(C) भारत के उत्तर प्रदेश राज्य का प्रसिद्ध नगर है। इसे बनारस और 'काशी' भी कहते हैं। इसे हिंदू धर्म में सबसे अधिक पवित्र नगरों में से एक माना जाता है। यह संसार के प्राचीनतम बसे शहरों में से एक और भारत का प्राचीनतम बसा शहर है। वाराणसी की संस्कृति का गंगा नदी एवं इसके धार्मिक महत्त्व से अटूट रिश्ता है। ये शब्द सहस्रों वर्षो से भारत का विशेषकर उत्तर भारत का सांस्कृतिक एवं धार्मिक केन्द्र रहा है। हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत का बनारस घराना वाराणसी में ही जन्मा एवं विकसित हुआ। भारत के कई दार्शनिक, कवि, लेखक, संगीतज्ञ, वाराणसी, में ही जन्मा एवं विकसित हुआ। भारत कें कई दार्शनिक, कवि, लेखक, संगीतज्ञ वाराणसी में रहे जिनमें कबीर, बल्लभाचार्य, रविदास स्वामी रामानंद, मुंशी प्रेमचंद, जयशंकर प्रसाद, आचार्य रामचंद शुक्ल, पं. रवि शंकर गिरजा देवी, पं. हरि प्रसाद चौरसिया एवं उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ आदि हैं। वाराणसी में चार बड़े विश्व विद्यालय हैं– बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, सेटर इंस्टीट्यूट ऑफ हाइयर टिबेटियन स्टडीज और संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय।

**114.** पश्चिमी हिन्दी किस अपभ्रंश से विकसित है ?
(A) प्राकृत (B) मागधी
(C) शौरसेनी (D) अर्द्धमागधी
**[रेलवे भर्ती परीक्षा, 2010]**

**114.**(C) शौरसेनी नामक प्राकृत मध्यकाल में उत्तरी भारत की एक प्रमुख भाषा थी। यह नाटकों में प्रयुक्त होती थी। बाद में इससे हिन्दी भाषा समूह व पंजाबी विकसित हुई। इससे दिगम्बर जैन परम्परा के सभी जैनाचार्यों ने अपने महाकाव्य शौरसेनी में ही लिखे जो उनके आदृत महाकाव्य हैं।

**115.** निम्नलिखित में से कौन–सी द्रविड़ परिवार की भाषा है ?
(A) उड़िया (B) बांग्ला
(C) असमिया (D) कन्नड़
**[पुलिस उप–निरीक्षक परीक्षा, 2010]**

**115.**(D) कन्नड़ भारत के कर्नाटक राज्य में बोली जाने वाली भाषा तथा कर्नाटक की राजभाषा है। यह भारत की उन 22 भाषाओं में से एक है। जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित है। कन्नड़ भारत की सबसे अधिक प्रयोग की जाने वाली भाषाओं में से एक है। 4.50 करोड़ लोग कन्नड़ भाषा प्रयोग करते हैं।

**116.** ब्रजभाषा किस अपभ्रंश से विकसित है ?
(A) शौरसेनी (B) मागधी
(C) अर्द्धमागधी (D) पैशाची

**116.**(A) शौरसेनी नामक प्राकृत मध्यकाल में उत्तरी भारत की एक प्रमुख भाषा थी यह नाटकों में प्रयुक्त होती थी। बाद में इससे हिन्दी भाषा समूह व पंजाबी विकसित हुए। दिगम्बर जैन परम्परा के सभी जैनाचार्यो ने अपने महाकाव्य शौरसेनी में ही लिखे जो उनके आहत महाकाव्य है।

***117.** 'रामचरितमानस' किस भाषा में लिखा गया ?
(A) ब्रज (B) भोजपुरी
(C) अवधी (D) मागधी
**[बिहार SSC स्नातक स्तर मुख्य परीक्षा, 2016]**

**117.**(C) अवधीभाषा अवध क्षेत्र में बोली जाती है, जो हिन्दी की एक उपभाषा है। अवधी भाषा में भक्ति काव्य और प्रेमाख्यान काव्य दोनों का विकास हुआ। भक्ति काव्य का शिरोमणि ग्रंथ गोस्वामी तुलसीदास कृत रामचरितमानस है। मलूकदास आदि संतों ने भी इसी भाषा में रचनाएँ कीं। प्रेमाख्यान काव्य का प्रतिनिधि ग्रंथ मलिक मुहम्मद जायसी रचित पद्मावत है जिसकी रचना रामचरित मानस चौंतीस वर्ष पहले हुई। अवधी की यह सम्पन्न परम्परा अभी चली आ रही है।

**118.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छत्तीसगढ़ी बोली है–
(A) पूर्वी हिन्दी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पहाड़ी हिन्दी (D) राजस्थानी हिन्दी
**[UPPSC प्रारम्भिक परीक्षा, 2015]**

**118.**(A) पूर्वी हिन्दी की तीन शाखाएँ मानी गई हैं– बघेली, छत्तीसगढ़ और अवधी। अवधी बोली अर्द्धमागधी प्राकृत की परम्परा में आती है। यह बोली मुख्यतः अवध में बोली जाती है। अवध में बोली जाने वाली बोलियों के दो भेद हैं–1. पूर्वी हिन्दी 2. पश्चिमी हिन्दी

***119.** 'खालिकबारी' किसकी रचना है ?
(A) खलिक खलक (B) रहीम
(C) अमीर खुसरो (D) अकबर
**[GIC प्रवक्ता परीक्षा, 2015]**

**119.**(C) खड़ी बोली हिन्दी के प्रथम कवि अमीर खुसरो सूफ़ीयाना कवि थे और ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के मुरीद थे। इनका जन्म ईसवी सन् 1253 में हुआ था। खुसरो के पिता अमीर सैफुद्दीन मुहम्मद इनके जन्म से पूर्व तुर्की में लाचीन कबीले के सरदार थे। कबीलो के आपसी संघर्ष से घबराकर वे हिन्दुस्तान भाग आए थे और उत्तर प्रदेश के एटा जिले के पटियाली नामक गाँव में जा बसे। इत्तफाक से इनका संपर्क सुल्तान शमसुद्दीन अल्तमश के दरबारी से हुआ। अपने साहस और सूझबूझ से ये सरदार बन गए और वहीं एक नबाव की बेटी से शादी हो गई और तीन बेटे पैदा हुए उनमें बीच वाले अबुल हसन ही अमीर खसरो थे।

**120.** 'मैथिली' का विकास किस अपभ्रंश से माना जाता है ?
(A) शौरसेनी अपभ्रंश
(B) मागधी अपभ्रंश
(C) अर्द्धमागधी अपभ्रंश
(D) महाराष्ट्री अपभ्रंश
**[TGT परीक्षा, 2009]**

**120.**(B) मागधी पर मगही भारत की एक भाषा है। मगही शब्द का विकास मागधी से हुआ है। (मागधी/मागही/मगही) प्राचीन काल में यह मगध साम्राज्य की भाषा थी। भगवान बुद्ध अपने उपदेश इसके प्राचीन रूप मागधी प्राकृत में ही देते थे। मगही का मैथिली और भोजपुरी भाषाओं से भी गहरा सम्बन्ध है जिन्हे सामूहिक रूप से बिहारी भाषाएँ कहा जाता है। मगही बिहार के मुख्यतः पटना, गया, जहानाबाद और औरंगाबाद जिले में बोली जाती है।

**121.** तुलसी कृत 'विनयपत्रिका' की भाषा है–
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) कन्नौजी (D) कौरवी

**121.**(B) ब्रजभाषा मूलतः ब्रजक्षेत्र की बोली है। विक्रम की तेरहवीं शताब्दी से लेकर 20 वीं शताब्दी तक भारत में साहित्यिक भाषा रहने के कारण ब्रज की इस जनपदीय बोली ने अपने विकास के साथ भाषा नाम प्राप्त किया और ब्रजभाषा नाम से जानी जाने लगी। ब्रज भाषा, मथुरा, आगरा, धौलपुर और अलीगढ़ जिलो में बोली जाती है।

***122.** निम्नलिखित बोलियों में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश में नहीं बोली जाती है ?
(A) अवधी (B) ब्रज
(C) खड़ी बोली (D) मैथिली
**[नवोदय विद्यालय प्रवक्ता परीक्षा, 2014]**

**122.**(D) मागधी अपभ्रंश के मध्यवर्ती रूप से विकसित यह बोली हिन्दी और बांग्ला क्षेत्र की संधि मिथिला में बोली जाती है। दरभंगा, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया तथा मुंगेर आदि में इसका क्षेत्र है। लोक साहित्य की दृष्टि से मैथिली बहुत सम्पन्न है। साथ ही इसमें साहित्य रचना अत्यंत प्राचीन काल से होती चली आई है। हिन्दी साहित्य को विद्यापति जैसे रससिद्ध कवि देने का श्रेय मैथिली को ही है।

**123.** फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना कहाँ हुई ?
(A) लखनऊ (B) हैदराबाद
(C) दिल्ली (D) कोलकाता

**123.**(D) बंगाल की खाड़ी के शीर्ष तट से 180 किमी दूर हुगली नदी के बाएँ किनारे पर स्थित कोलकाता पश्चिम बंगाल की राजधानी है। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा महानगर है तथा पाँचवाँ सबसे बड़ा बंदरगाह है। यहाँ की जनसंख्या 2 करोड़ 29 लाख है। कोलकत्ता शहर का इतिहास अत्यंत प्राचीन है।

***124.** भारतीय संविधान में हिन्दी को मान्यता कब मिली ?
(A) 26 जनवरी, 1950
(B) 14 सितम्बर, 1949
(C) 15 अगस्त, 1947
(D) 14 सितम्बर, 1955
**[PGT परीक्षा, 2005]**

**124.** (B)

**125.** संविधान के किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि में लिखित हिन्दी को संघ की राजभाषा घोषित किया है ?
(A) 343 (B) 345
(C) 347 (D) 348
**[TGT परीक्षा, 2013]**

**125.** (A)

**126.** नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में थे–
(A) शिवकुमार सिंह और बाबू श्यामसुन्दर दास
(B) रामचन्द्र शुक्ल और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(C) प्रतापनारायण मिश्र और बालकृष्ण भट्ट
(D) जगन्नाथ दास रत्नाकर और शिवप्रसाद गुप्त

**126.**(A) शिव कुमार सिंह (1870-1968) काशी नागरी– प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में से एक थे। आपने चंदौली के मिडिल स्कूल में शिक्षा प्राप्त की। तत्पश्चात स्व. पं. श्रीराम नारायण मिश्र और बाबू श्याम सुंदरदास जी तथा अन्य सहयोगियों को साथ लेकर ये सभा की उन्नति में लग गए। भारतीय संस्कृति की रक्षा तथा हिन्दी शिक्षा का प्रचार आपके ये दो मुख्य उद्देश्य थे। आपको बिट्रिश सरकार से राय साहब की पदवी प्राप्त हुई थी। आपकी लिखी पुस्तकें ''कालबोध' हिन्दी सरल व्याकरण'' आदर्श माताएँ'' ''आदर्श प्रतिव्रताएँ' पंचत' जार्ज की जीवनी' आदि विशेष प्रसिद्ध है। डॉ. श्याम सुन्दरदास हिन्दी के अनन्य साधक, विद्वान, आलोचक और शिक्षा विद् थे। हिन्दी साहित्य और बैद्रिकता के पथ प्रदर्शको में उनका नाम अविस्मरणयी है हिन्दी क्षेत्र के साहित्यिक–सांस्कृतिक नवजागरण में उनका योगदान विशेष रूप से उललेखनीय है। उन्होंने और उनके साथियों ने मिलकर काशी नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना की।

***127.** काशी नागरी प्रचारिणी सभा के संस्थापकों में कौन नहीं है ?
(A) बाबू श्यामसुन्दर दास
(B) ठा. शिवकुमार सिंह
(C) रामनारायण मिश्र
(D) रामचन्द्र शुक्ल

**127.**(D) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल हिन्दी आलोचक निबंधकार साहित्येतिहासकार कोशकार, अनुतादक, काश्तकार और कवि थे। उनके द्वारा लिखी गई सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पुस्तक है–हिन्दी साहित्य का इतिहास जिसके द्वारा आज भी काल निर्धारण एवं पाठ्यक्रम निर्माण में सहायता ली जाती है। हिन्दी निबंध के क्षेत्र में शुक्ल जी का महत्त्वपूर्ण स्थान है।

**128.** भारतीय भाषाओं को भारतीय संविधान की किस अनुसूची में शामिल किया गया है ?
(A) सप्तम् (B) अष्टम्
(C) नवम् (D) दशम्

**128.** (B)

**129.** निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारत-यूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार की नहीं है?
(A) संस्कृत (B) हिन्दी
(C) तमिल (D) अंग्रेजी

**HSSC क्लर्क परीक्षा (11 दिसम्बर, 2016-द्वितीय पाली)**

**129.**(C) भारत-पूरोपीय (भारोपीय) भाषा परिवार के अंतर्गत संस्कृत, हिन्दी व अंग्रेजी आती हैं। परंतु तमिल इसके अंतर्गत नहीं आती है। भारत-यूरोपीय भाषा परिवार के अंतर्गत अनेक भाषा शामिल हैं।

**130.** मानक हिन्दी का विकास किस बोली से हुआ ?
(A) अवधी (B) बांगरू बोली
(C) खड़ी बोली (D) ब्रज

**HSSC क्लर्क परीक्षा (27 नवम्बर, 2016-प्रथम पाली)**

**130.** (C) मानक हिंदी का विकास खड़ी बोली से हुआ है। मानक हिन्दी का तात्पर्य हिन्दी के मानक स्वरूप से है जिसका शिक्षा आदि कार्यों में व्यवहार किया जाता है।

**131.** भाषा की सबसे छोटी इकाई है—
(A) वर्ण (B) शब्द
(C) पद (D) वाक्य

**HSSC क्लर्क परीक्षा (27 नवम्बर, 2016-द्वितीय पाली)**

**131.** (A) भाषा की सबसे छोटी इकाई 'ध्वनि' है। उच्चारित ध्वनियों को जब लिखकर बताना होता है तब उनके लिए कुछ लिखित चिह्न बनाए जाते हैं। ध्वनियों को व्यक्त करने वाले ये लिपि-चिह्न ही **'वर्ण'** कहलाते हैं अर्थात् वर्ण भाषिक ध्वनियों के लिखित रूप होते हैं। अतः वर्ण को भाषा की सबसे लघुत्तम इकाई माना जाता है।

**132.** खड़ी बोली हिन्दी का अन्य सही नाम है–
(A) भारती (B) कौरवी
(C) हरियाणवी (D) हिन्दी

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2018 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**132.**(B) खड़ी बोली हिन्दी पश्चिमी हिन्दी उपभाषा वर्ग की बोली है। इसका अन्य नाम कौरवी है। यह दिल्ली, मेरठ, सहारनपुर, देहरादून आदि क्षेत्रों में बोली जाती है।

**133.** कन्नौजी बोली किस जनपद में बोली जाती है ?
(A) मेरठ जनपद (B) देहरादून जनपद
(C) हरदोई जनपद (D) मथुरा जनपद

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2017 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**133.** (C) कन्नौजी बोली हरदोई जिले में बोली जाती है तथा मेरठ में खड़ी बोली बोली जाती है।

**134.** अधोलिखित में से एक भोजपुरी क्षेत्र नहीं है–
(A) देवरिया (B) मिर्जापुर
(C) इलाहाबाद (D) बलिया

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2017 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**134.** (C) दिये गये विकल्पों में देवरिया, मिर्जापुर और बलिया भोजपुरी क्षेत्र के अन्तर्गत आते हैं, जबकि इलाहाबाद अवधी बोली का क्षेत्र है।

**135.** फैजाबाद जनपद में बोली जाने वाली बोली है–
(A) खड़ी बोली (B) बघेली
(C) ब्रजभाषा (D) अवधी

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2017 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**135.** (D) फैजाबाद जिले में बोली जाने वाली बोली अवधी है।

**136.** अधोलिखित में से कौन–सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है ?
(A) ब्रज (B) अवधी
(C) भोजपुरी (D) बघेली

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2017 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**136.** (D) दिये गये विकल्पों में ब्रज, अवधी और भोजपुरी उत्तर प्रदेश की बोली है, जबकि बघेली मध्य प्रदेश की बोली है।

**137.** पूर्वी हिन्दी विकसित हुई है–
(A) पिशाची अपभ्रंश से
(B) अर्द्धमागधी अपभ्रंश से
(C) शौरसेनी अपभ्रंश से
(D) मागधी अपभ्रंश से

**UPSSSC स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 26-07-2015)**

**137.**(B) पूर्वी हिन्दी का विकास अर्द्धमागधी अपभ्रंश से हुआ है। इसके अन्तर्गत आने वाली बोलियाँ हैं–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी।

**138.** निम्नलिखित में से कौन वर्ण अन्तःस्थ नहीं है ?
(A) य (B) ह
(C) र (D) व

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2016 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**138.** (B) 'ह' वर्ण अन्तःस्थ व्यंजन नहीं है यह ऊष्म व्यंजन है। ऊष्म व्यंजन चार हैं–श, ष, स आदि है। जबकि य, र, ल, व अन्तःस्थ व्यंजन हैं।

**139.** हिन्दी के जिन वर्णों का उच्चारण करते समय केवल श्वास का प्रयोग किया जाए, उन वर्णों को कहते हैं–
(A) अघोष (B) सघोष
(C) अल्पप्राण (D) महाप्राण

**उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (प्रवर) प्रारम्भिक परीक्षा, 2012 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**139.**(D) हिन्दी के जिन वर्णों के उच्चारण में प्राणवायु (श्वास) का प्रयोग किया जाए, उन्हें 'महाप्राण' कहते हैं। हिन्दी वर्णमाला में प्रत्येक वर्ग का दूसरा तथा चौथा अक्षर (जैसे–ख, घ, छ, झ, ठ, ढ, द, ध) महाप्राण हैं।

**140.** खड़ीबोली को किस अन्य नाम से जाना जाता है ?
(A) कोसली (B) कौरवी
(C) बैसवाड़ी (D) छत्तीसगढ़ी

**मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2014 एप्टीट्यूड टेस्ट (C-SAT)**

**140.**(B) खड़ी बोली का उद्भव 'शौरसेनी अपभ्रंश' से हुआ है। खड़ी बोली को 'कौरवी' नाम से भी जाना जाता है। ध्यातव्य है कि मानक हिन्दी का विकास खड़ी बोली को आधार बनाकर किया गया है। यह दिल्ली व आस–पास के क्षेत्र की लोक भाषा है।

**141.** देवास प्रसिद्ध है-
(A) वस्त्र उद्योग के लिए
(B) शहद उत्पादन के लिए
(C) करेन्सी नोट की छपाई के लिए
(D) सिक्के की ढलाई के लिए

**मध्य प्रदेश राज्य सेवा आयोग (प्रारम्भिक) परीक्षा, 2013**

**141.** (C) देवास, करेन्सी नोट छपाई के लिए प्रसिद्ध है। विदित है कि मध्य प्रदेश में न्यूज प्रिंट के कागज का कारखाना नेपानगर (बुरहानपुर) में है। ओरिएंटल पेपर मिल अमलाई (अनूपपुर) में है एवं सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद में है।

**142.** सूरदास का काव्य किस भाषा में रचित है ?
(A) मैथिली (B) बुंदेली
(C) अवधी (D) ब्रजभाषा

**CSBC बिहार कक्षपाल (कांस्टेबल) भर्ती परीक्षा 18-09-2016**

**142.**(D)

**143.** भाषा की सबसे छोटी इकाई है–
(A) स्वर (B) वर्ण
(C) व्यंजन (D) ध्वनि

**BSSC अमीन परीक्षा 27-07-2014**

**143.**(B) 'वर्ण' भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

**144.** बोली का क्षेत्र जब थोड़ा विकसित हो जाता है और उसमें साहित्य की रचना होने पर वह क्या बन जाती है ?
(A) ब्रजभाषा (B) उपभाषा
(C) लिपि (D) क्षेत्रीय रूप

**UPSSSC राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद् (संयुक्त संवर्ग) (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 30-05-2019)**

**144.**(B)

**145.** 'ब्रजभाषा' का केंद्रीय क्षेत्र है–
(A) लखनऊ (B) इलाहाबाद
(C) मथुरा (D) वाराणसी

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) भर्ती परीक्षा, 2017 (परीक्षा तिथि : 31-05-2019)**

**145.** (C)

**146.** 'बुंदेली' का क्षेत्र है–
(A) पानीपत-सोनीपत-कुरुक्षेत्र
(B) झाँसी-जालौन-दतिया
(C) आगरा-मथुरा-भरतपुर
(D) जयपुर-अजमेर-जोधपुर

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) बैकलॉग भर्ती परीक्षा, 2017 (परीक्षा तिथि : 19-02-2019)**

**146.** (B)

**147.** हिन्दी को भारत की राजभाषा कब बनाया गया ?
(A) 15 अगस्त, 1947
(B) 30 जनवरी, 1948
(C) 14 सितम्बर, 1949
(D) 26 जनवरी, 1950

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) बैकलॉग भर्ती परीक्षा, 2017 (परीक्षा तिथि : 19-02-2019)**

**147.** (C)

**148.** निम्नलिखित में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश में बोली जाती है ?
(A) बाँगरू (B) हाड़ौती
(C) बुंदेली (D) कन्नौजी

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 23-12-2018)**

**148.** (D)

**149.** 'ब्रज' हिन्दी की किस उपभाषा के अंतर्गत है ?
(A) पहाड़ी हिन्दी (B) पूर्वी हिन्दी
(C) पश्चिमी हिन्दी (D) राजस्थानी हिन्दी

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 22-12-2018)**

**149.** (C)

**150.** पूर्वी हिन्दी क्षेत्र में कौन–सी बोली नहीं बोली जाती ?
(A) अवधी (B) छत्तीसगढ़ी
(C) जयपुरी (D) बघेली

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 22-12-2018)**

**150.** (C)

**151.** हिन्दी भाषी राज्य के अंतर्गत कौन-सा राज्य नहीं है ?
(A) उत्तर प्रदेश (B) बिहार
(C) झारखंड (D) महाराष्ट्र

**UPSSSC ग्राम विकास अधिकारी (सामान्य चयन) परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 22-12-2018)**

**151.** (D)

**152.** कौन-सी प्राचीन भाषा नहीं है ?
(A) अपभ्रंश (B) पंजाबी
(C) प्राकृत (D) संस्कृत

**UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)**

**152.** (B)

**153.** कौन-सी बोली बिहारी की नहीं है ?
(A) भोजपुरी (B) मगही
(C) जयपुरी (D) मैथिली

**UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)**

**153.** (C)

**154.** निम्नलिखित में से कौन-सी बोली उत्तर प्रदेश की नहीं है ?
(A) कन्नौजी (B) ब्रजभाषा
(C) खड़ीबोली (D) जयपुरी

**UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)**

**154.** (D)

**155.** मध्यकालीन भारतीय आर्यभाषा काल–
(A) 500 ई. पूर्व से 1000 ई. तक
(B) 1000 ई. से 21वीं तक
(C) 1500 ई. पूर्व से 500 ई. पूर्व तक
(D) 500 ई. से 1000 ई. तक

**UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)**

**155.** (A)

**156.** जयपुरी का स्थानीय नाम है–
(A) दाशार्णी
(B) बागडी
(C) ढूँढाडी
(D) कूर्माञ्चल

**UPSSSC विधान भवन रक्षक एवं वनरक्षक परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 02-12-2018)**

**156.** (C)

**157.** निम्न में कौन-सी बोली उ. प्र. की नहीं है ?
(A) मेवाती (B) कन्नौजी
(C) भोजपुरी (D) ब्रज

**UPSSSC विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 16-09-2018)**

**157.** (A) कन्नौजी, भोजपुरी तथा ब्रज उत्तर प्रदेश की बोलियाँ हैं, जबकि मेवाती, मालवी, मारवाड़ी तथा जयपुरी राजस्थान की बोलियाँ हैं।

**158.** उत्तर प्रदेश में कौन-सी भाषा नहीं बोली जाती ?

(A) ब्रजभाषा (B) कन्नौजी

(C) अवधी (D) पहाड़ी

**UPSSSC विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 16-09-2018)**

**158.** (D) उत्तर प्रदेश में 'पहाड़ी भाषा' नहीं बोली जाती है। यह उत्तराखण्ड की भाषा है।

**159.** हिन्दी भाषा को कौन-सी लिपि में लिखा जाता है?

(A) गुरुमुखी लिपि (B) बंगाली लिपि

(C) देवनागरी लिपि (D) तमिल लिपि

**UPSSSC विकास दल अधिकारी (सामान्य चयन) भर्ती परीक्षा, 2018 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 16-09-2018)**

**159.** (C) हिन्दी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी।

**160.** किस क्षेत्र की बोली को 'काशिका' कहा गया है?

(A) भीलवाड़ा (B) दिल्ली

(C) वाराणसी (D) सूरत

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी पुनर्परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 04-12-2016)**

**160.** (C) भाषा परिवार के अनुसार काशिका एक भारतीय आर्य भाषा है। यह वाराणसी व उसके आस-पास के क्षेत्रों में बोली जाती है। काशिका भाषा का विस्तार भोजपुरी भाषा क्षेत्र के पश्चिमी हिस्से से लेकर अवधी भाषा के क्षेत्र तक है। यह भारतीय भाषा शाखा की पूर्वी शाखा के अन्तर्गत आती है। मुख्य रूप से काशिका भाषावादी जिले-वाराणसी, आजमगढ़, इलाहाबाद हैं। काशी के नाम पर इस भाषा का नाम काशिका पड़ा।

**161.** 'कन्नड़' का संबंध किस भाषा परिवार से है ?

(A) आर्य भाषा परिवार

(B) द्रविड़ भाषा परिवार

(C) देव भाषा परिवार

(D) भारोपीय भाषा परिवार

**UPSSSC अमीन भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 14-08-2016)**

**161.** (B) 'कन्नड़' का सम्बन्ध द्रविड़ भाषा परिवार से है। तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम आदि द्रविड़ भाषा परिवार की भाषाएँ हैं। इसके अतिरिक्त भारोपीय भाषा परिवार के अन्तर्गत संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी, उड़िया, बांग्ला, पंजाबी आदि भाषाएँ आती हैं।

**162.** हिन्दी खड़ी बोली किस अपभ्रंश से विकसित हुई है ?

(A) मागधी (B) शौरसेनी

(C) ब्राचड़ (D) अर्द्धमागधी

**UPSSSC अमीन भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 14-08-2016)**

**162.** (B) हिन्दी खड़ी बोली शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित हुई है। शौरसेनी अपभ्रंश से विकसित अन्य भाषाएँ-पश्चिमी हिन्दी, राजस्थानी, ब्रजभाषा आदि हैं। मागधी अपभ्रंश से बिहारी, बंगाली, उड़िया, असमियाँ; ब्राचड़ अपभ्रंश से सिंधी तथा अर्द्धमागधी अपभ्रंश से पूर्वी हिन्दी, अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी आदि भाषाएँ विकसित हुई हैं।

**163.** लिपि की आवश्यकता होती है-

(A) भाषा बोलने में (B) भाषा लिखने में

(C) भाषा संकेत में (D) तीनों में

**UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 31-07-2016)**

**163.** (B) लिपि का प्रयोग भाषा लिखने में होता है। लिपि लिखित वर्ण संकेतों की सहायता से भाव व विचार की अभिव्यक्ति करती है। लिपि दृश्यमान होती है। भारत की सभी लिपियाँ ब्राह्मी लिपि से निकली हैं।

**164.** खड़ी बोली निकली है-

(A) पूर्वी हिन्दी से

(B) पश्चिमी हिन्दी से

(C) बिहारी हिन्दी से

(D) राजस्थानी हिन्दी से

**UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 31-07-2016)**

**164.** (B) 'खड़ी बोली' 'पश्चिमी हिन्दी' से निकली है। 'पश्चिमी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत-कौरवी, बांगरू, हरियाणवी, ब्रजभाषा, बुंदेली तथा कन्नौजी बोली आती हैं, जबकि 'पूर्वी हिन्दी' उपभाषा के अन्तर्गत-अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, 'बिहारी उपभाषा' के अन्तर्गत – भोजपुरी, मगही, मैथिली तथा 'राजस्थानी हिन्दी' के अन्तर्गत-मारवाड़ी, जयपुरी या ढुढ़ाड़ी, मेवाती तथा मालवी आती हैं।

**165.** इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली है-

(A) ब्रज (B) अवधी

(C) खड़ी बोली (D) भोजपुरी

**UPSSC राजस्व निरीक्षक परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 17-07-2016)**

**165.** (B) इलाहाबाद में बोली जाने वाली बोली अवधी है। यह भाषा विशेष रूप से मध्य काल में प्रचलन में थी। इसकी प्रथम कृति मुल्ला दाउद द्वारा 1370 में रचित चंदायन है। इसे लोहरका के नाम से भी जाना जाता है। इस रचना के बाद उत्तरोत्तर अवधी साहित्य का विकास हुआ।

1. **अवधी भाषा का प्रयोग क्षेत्र**- अयोध्या, लखनऊ, इलाहाबाद, रायबरेली, सीतापुर, फैजाबाद, गोंडा, प्रतापगढ़ इत्यादि।
2. **ब्रजभाषा का प्रयोग क्षेत्र**-मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मैनपुरी, धौलपुरी इत्यादि।
3. **खड़ी बोली का प्रयोग क्षेत्र**-मेरठ, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर, देहरादून, अम्बाला इत्यादि।
4. **भोजपुरी का प्रयोग क्षेत्र**-भोजपुर, बनारस, जौनपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, देवरिया, बस्ती, आजमगढ़ इत्यादि।

**166.** हिन्दी भाषा की कितनी विख्यात बोलियाँ हैं?

(A) चार (B) दस

(C) आठ (D) पाँच

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 24-04-2016)**

**166.** (C) हिन्दी भाषा की प्रमुख बोलियाँ 8 हैं।

**167.** छत्तीसगढ़ी किस भाषा की बोली है?

(A) पश्चिमी हिन्दी (B) राजस्थानी

(C) बिहारी (D) पूर्वी हिन्दी

**UPSSSC कनिष्ठ सहायक (जूनियर असिस्टेंट) भर्ती परीक्षा, 2016 (परीक्षा तिथि : 24-04-2016)**

**167.** (D) छत्तीसगढ़ी, बघेली तथा अवधी बोली उपभाषा 'पूर्व हिन्दी' के अन्तर्गत आती है। उपभाषा 'पश्चिमी हिन्दी' के अन्तर्गत कौरवी/ खड़ी बोली, ब्रजभाषा बुंदेली तथा कन्नौजी आती है। पश्चिमी हिन्दी सौरसेनी अपभ्रंश तथा पूर्वी हिन्दी अर्द्ध मागधी अपभ्रंश से विकसित हुई है।

**168.** 'हाड़ौती' बोली है-

(A) पश्चिमी राजस्थान की

(B) पूर्वी राजस्थान की

(C) दक्षिणी राजस्थान की

(D) उत्तरी राजस्थान की

**UPSSSC लोअर-II भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 06-03-2016)**

**168.** (B) राजस्थानी बोलियों का प्रथम वर्णनात्मक दर्शक (1987-1988) में 'सर जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन' ने अपने आधुनिक भारतीय भाषा विषयक विश्व कोष Linguistic Survay of India के दो खण्डों में प्रकाशित किया था। यहाँ की भाषा के लिए राजस्थानी शब्द

का प्रयोग भी पहली बार किया। उन्होंने राजस्थानी भाषा की चार उपशाखाएं बताई हैं।
पश्चिमी राजस्थान–मारवाड़ी, मेवाड़ी, बागड़ी, शेखावटी
पूर्वी राजस्थान–ढूंढाड़ी, हाड़ौती (जयपुरी)
उत्तरी राजस्थान–मेवाती, अहिरवाटी
दक्षिणी राजस्थान–मालवी, निमाड़ी

**169.** गाजीपुर में बोली जाने वाली प्रमुख बोली है–
(A) अवधी (B) भोजपुरी
(C) खड़ी बोली (D) बघेली

**UPSSSC लोअर-I भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 28-02-2016)**

**169.** (B) गाजीपुर में बोली जाने वाली प्रमुख बोली भोजपुरी है। भोजपुरी मुख्यतः बिहार राज्य के भोजपुर, छपरा, बक्सर, सिवान जिले में एवं उत्तर प्रदेश के बलिया, आजमगढ़, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बनारस आदि जिले में बोली जाती है। जबकि 'अवधी' फैजाबाद लखनऊ, सुल्तानपुर आदि जिले में, 'खड़ी बोली' मेरठ, सहारनपुर, रामपुर, दिल्ली आदि में तथा 'बघेली' रीवा जिले में बोली जाती है।

**170.** हिन्दी की आदि जननी क्या है?
(A) पालि (B) संस्कृत
(C) अपभ्रंश (D) प्राकृत

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 21-02-2016)**

**170.** (B) वैदिक 'संस्कृत' से हिन्दी भाषा का विकास हुआ है संस्कृत भाषा के तत्व भारत के सभी भाषाओं में समान रूप से मिलते हैं। जिस रूप में आज हिन्दी भाषा बोली व समझी जाती है वह खड़ी बोली का साहित्यिक रूप है, जिसका विकास मुख्यतः 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में हुआ।

**171.** भारतीय संविधान में किस भाषा को "राजभाषा" के रूप में स्वीकार किया गया है?
(A) अंग्रेजी (B) उर्दू
(C) हिन्दी (D) तमिल

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 21-02-2016)**

**171.** (C) संविधान के भाग–17 के अनुच्छेद 343 के अनुसार संघ की राजभाषा 'हिन्दी' व लिपि 'देवनागरी' है।

**172.** हिन्दी शब्दकोश में "क्ष" का क्रम किस वर्ण के बाद आता है?
(A) क (B) छ
(C) त्र (D) ज्ञ

**UPSSSC ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 21-02-2016)**

**172.** (A) हिन्दी शब्दकोश में 'क्ष' का क्रम 'क' के बाद आता है।

**173.** कौन हिन्दी की उपभाषा नहीं है–
(A) मराठी (B) पश्चिमी हिन्दी
(C) पूर्वी हिन्दी (D) राजस्थानी

**UPSSSC जूनियर इंजीनियर/तकनीकी भर्ती परीक्षा (परीक्षा तिथि : 27-12-2015)**

**173.** (A) 'मराठी' महाराष्ट्र राज्य की बोली है। हिन्दी की उपभाषा, (1) पश्चिमी हिन्दी– ब्रजभाषा, कन्नौजी, खड़ी बोली, बुन्देली हरियाणवी। (2) पूर्वी हिन्दी–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी। (3) राजस्थानी–मारवाड़ी, मेवाती, मालवी, जयपुरी। (4) बिहारी हिन्दी– भोजपुरी, मैथिली, मगही। (5) पहाड़ी हिन्दी – नेपाली, गढ़वाली, कुमाऊँनी।

**174.** निम्न में से कौन–सी बोली पूर्वी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है?
(A) अवधी (B) बघेली
(C) छत्तीसगढ़ी (D) मगही

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**174.** (D) **पूर्वी हिन्दी**–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
**बिहारी हिन्दी**–मैथिली, मगही, भोजपुरी
**राजस्थानी**–मेवाती, मानवी, मारवाड़ी, जयपुरी
**पश्चिमी हिन्दी**–ब्रज, खड़ीबोली, कन्नौजी, हरियाणवी, बुंदेली

**175.** तुलसीदास की कौन–सी काव्य–रचना ब्रजभाषा में है ?
(A) कवितावली (B) विनयपत्रिका
(C) कृष्णगीतावली (D) दोहावली

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**175.** (A) तुलसीदास की ब्रजभाषा में काव्य रचना–कवितावली।

**176.** पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत कौन–सी बोली आती है ?
(A) कन्नौजी (B) मेवाती
(C) बघेली (D) मगही

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**176.** (A) **पश्चिमी हिन्दी**–कन्नौजी, खड़ी बोली, ब्रजभाषा हरियाणवी, बुन्देली।
**पूर्वी हिन्दी**–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी
**बिहारी हिन्दी**–मैथिली, मगही, भोजपुरी
**राजस्थानी**–मेवाती, मारवाड़ी, मालवी, जयपुरी

**177.** हिन्दी के अतिरिक्त कौन–सी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है?
(A) सिंधी (B) पंजाबी
(C) बांग्ला (D) नेपाली

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**177.** (D) हिन्दी के अतिरिक्त नेपाली भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। 'पंजाबी' पंजाब राज्य की भाषा है। 'बांग्ला' पश्चिम बंगाल राज्य की भाषा है। 'सिंधी' सिंधु क्षेत्र की भाषा है।

**178.** पुरस्कृत पुस्तक 'हवा में हस्ताक्षर' किस साहित्यकार की रचना है?
(A) डॉ. कैलाश वाजपेयी
(B) डॉ. रघुवंश
(C) मृदुला गर्ग
(D) निर्मल वर्मा

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**178.** (A) 'हवा में हस्ताक्षर' पुस्तक पर डॉ. कैलाश बाजपेयी को 2009 ई. में साहित्य अकादमी का पुरस्कार दिया गया। मृदुला गर्ग को 2013 ई. में 'मिलजुलमन' पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार दिया गया। निर्मल वर्मा को 1985 ई. में 'कौवे और काला पानी' काव्य पर साहित्य अकादमी का पुरस्कार दिया गया।

**179.** निम्नलिखित में से कौन–सी बोली राजस्थानी हिन्दी के अंतर्गत आती है?
(A) मगही (B) कन्नौजी
(C) मेवाती (D) बघेली

**UPSSSC चकबन्दी लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (द्वितीय पाली) (परीक्षा तिथि : 08-11-2015)**

**179.** (C) **राजस्थानी हिन्दी**–मेवाती, मालवी, मारवाड़ी, जयपुरी। **पश्चिमी हिन्दी**–ब्रजभाषा, खड़ी बोली, कन्नौजी, हरियाणवी, बुन्देली। **पूर्वी हिन्दी**–अवधी, बघेली, छत्तीसगढ़ी, मैथिली, मगही, भोजपुरी।

**निर्देश (प्रश्न संख्या 180 एवं 181 के लिये)**
निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्य का चयन कीजिए।

**180.** (A) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि और ब्रजभाषा के सूर हैं।
(B) तुलसी अवधी के श्रेष्ठ कवि हैं और सूर ब्रजभाषी हैं।
(C) तुलसी और सूर अवधी और ब्रजभाषी के श्रेष्ठ कवि हैं।
(D) तुलसी और सूर क्रमशः अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं।

**UPSSSC राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 13-09-2015)**

**180.** (D) तुलसी और सूर क्रमशः अवधी और ब्रजभाषा के श्रेष्ठ कवि हैं। इसमें वाक्य पूरी तरह से व्याकरण की दृष्टि से उचित है।

**181.** (A) जीवन और साहित्य का निकट सम्बन्ध है।
(B) जीवन और साहित्य का घोर सम्बन्ध है।
(C) जीवन और साहित्य का अगाध सम्बन्ध है।
(D) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है।

**UPSSSC राजस्व लेखपाल भर्ती परीक्षा, 2015 (प्रथम पाली) (परीक्षा तिथि : 13-09-2015)**

**181.** (D) जीवन और साहित्य का घनिष्ठ सम्बन्ध है। घनिष्ठ तत्सम शब्द और व्याकरण की दृष्टि से उपयुक्त शब्द है।

**182.** हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(A) गुरुमुखी (B) ब्राह्मी
(C) देवनागरी (D) सौराष्ट्री

**UPSSSC परिचालक (कंडक्टर) भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 23-08-2015)**

**182.** (C) देवनागरी लिपि में 'हिन्दी भाषा' लिखी जाती है।

**183.** भारत में आर्यभाषा का आरंभ कब हुआ?
(A) 1600 ई. पूर्व के आसपास
(B) 1500 ई. पूर्व के आसपास
(C) 1400 ई. पूर्व के आसपास
(D) 1300 ई. पूर्व के आसपास

**UPSSSC स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) भर्ती परीक्षा, 2015 (परीक्षा तिथि : 26-07-2015)**

**183.** (B) भारत में आर्य भाषा का आरम्भ 1500 ई. पू. के लगभग हुआ। प्राचीन भारतीय आर्य भाषा का प्रयोग लगभग 1500 ई. पू. 500 ई. पू. तक हुआ। इस भाषा के अंतर्गत वैदिक संस्कृत व लौकिक संस्कृत का विकास हुआ, मध्यकालीन भारतीय आर्य भाषा 500 ई. पू. – 1000 ई. पू. तक, इसके अंतर्गत पालि, प्राकृत, अपभ्रंश भाषा का विकास हुआ तथा आधुनिक भारतीय आर्य भाषा 1000 ई. – अब तक, इसके अन्तर्गत हिन्दी और हिन्दीतर भाषाओं का विकास हुआ।

❒❒